CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 22 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 322 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाहनों में जातीय महिमामंडन के चिह्न हटें, स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठः हाईकोर्ट पेज 2



मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे खेल टाइम्स




क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा! सम्पादकीय



ब्रिटेन-कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को दी देश की मान्यता पेज 12

### हेयर ऑयल, साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल व टेबलवेयर पर जीएसटी घटकर 5 % हुआ

# बदला GST का गणित, 8 साल बाद बड़ा फेरबदल

## नवरात्रि से देश में जीएसटी सुधार का नया दौर होगा शुरूः प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही

**प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन**

जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की।

उन्होंने कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से सोमवार से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे। वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया, तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन-वन टैक्स का सपना साकार हुआ। गरीब, मिडिल क्लास पर पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा। सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा।



**करोड़ों लोगों की बचत बढ़ेगी, जिससे वे पसंद की वस्तुएं खरीद सकेंगे, 99 प्रतिशत चीजें सस्तीः मोदी**

### आज से भाजपा का जीएसटी बचत महोत्सव

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा ने अभियान चलाने की तैयारी की है। भाजपा 22 सितम्बर (आज) से जीएसटी बचत महोत्सव शुरू करने जा रही है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।

## जीएसटी की नई दरें आज से होंगी लागू, सामान सस्ते होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पनीर से लेकर कार तक, टूथपेस्ट से लेकर दवाइयों तक आम लोगों के इस्तेमाल की लगभग सभी चीजें सोमवार (आज) से सस्ती हो जाएंगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में ऐतिहासिक सुधार करते हुए जीएसटी परिषद ने अधिकतर वस्तुओं पर करों की दर पांच प्रतिशत या शून्य कर दिया है। इसके परिणाम स्वरूप लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा बचत होगी और वे या तो इस पैसे को बैंकों को जमा करेंगे, निवेश करेंगे या अन्य वस्तुओं पर खर्च करेंगे। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर के अपने फैसले में मुख्य स्लैबों की संख्या चार से घटाकर दो कर दी है। इसमें 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने के बाद अब सिर्फ पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। इसके अलावा खाने पीने की ज्यादातर चीजों पर

**पनीर, घी, शैंपू के साथ कार व एसी की कीमतें घटीं**

शून्य कर लगेगा, जबकि कुछ लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। अब अल्ट्रा हाई टेंपरेचर (टेट्रा पैक) दूध, छेना, पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा। सभी देशी रोटियों (चपाती, परांठा, रोटी आदि) पर जीएसटी दर शून्य होगी। तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं को भी कर मुक्त रखा गया है। अन्य दवाओं पर पांच प्रतिशत कर हो गया है। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा को भी कर मुक्त कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामानों, पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन, घी आदि जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।

## आठ साल तक वसूली करने वाली सरकार जनता से माफी मांगेः खड़गे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक सेवा बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किए जा रहे हैं और इसके लिए मोदी सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा कि नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ रुपये के बचत उत्सव की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात कर रहे हैं ! श्री खड़गे ने आठ साल तक जीएसटी से वसूली के बाद नए सुधारों के सरकार के कदम को 'नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' बताया और कहा कि जनता कभी नहीं भूलेगी कि आपने उनके दाल-चावल- अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर - सबसे जीएसटी वसूला था। आपकी सरकार को तो जनता से माफी मांगनी चाहिए।




**कहाः मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स लगाकर 55 लाख करोड़ से अधिक वसूले**

### पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिद्वार ( ब्यूरो )।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर रविवार को हरकी पैड़ी सहित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और तर्पण अर्पित किया। मान्यता है कि पितृ विसर्जन अमावस्या वर्ष की सबसे बड़ी अमावस्या होती है। इसी दिन श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति होती है और पितरों को विदाई देकर पितृलोक के लिए प्रेषित किया जाता है। हरिद्वार के सतीघाट, राजघाट, शीतला माता घाट, दक्षेश्वर महादेव मंदिर घाट, कुशा घाट, गणेश घाट और विशेष महत्व रखने वाली नारायणी शिला पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर मोक्ष की कामना की।

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम शिंदे का एक्स अकाउंट हुआ हैक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। उनकी टीम ने कहा कि शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी का दिखा दम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है।

## महाराष्ट्र के गरबा में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक

नागपुर, वार्ता

**महाराष्ट्र में** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी।

आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा कि नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक चलेगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है, ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिये हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं। महाराष्ट्र के मंत्री ने कहा कि आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा। बावनकुले ने कहा कि हर आयोजन समिति कुछ नियम तय करती है और उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। जब तक उनके पास आयोजन के लिए पुलिस की अनुमति है, तब तक कोई समस्या नहीं है।

**आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगीः विहिप**



### मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवार्ड का ऐलान हो गया है। साल 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कम्प्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहनलाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह घोषणा की। मोहनलाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। मोहनलाल ने केवल मलयालम ही नहीं, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। 1980 के दशक में मंजिल विरिंजा पूक्कल से करियर की शुरुआत करने वाले मोहनलाल ने लगभग 350 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है।

## भीड़ पर कंट्रोलः सोशल मीडिया से सड़क तक तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने भीड़ पर नियंत्रण के नए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इनका फोकस विरोध प्रदर्शनों और बड़े आयोजनों पर है। इसमें कुम्भ जैसे मेले, खेल स्टेडियम, धार्मिक प्रोग्राम और बाबाओं के प्रवचन आदि शामिल हैं।

सांप्रदायिक दंगे, छात्र आंदोलनों और सोशल मीडिया से संचालित जनाक्रोश भी इसके दायरे में हैं। गृह मंत्रालय ने यह गाइडलाइन नई परिस्थितियों को देखकर बनाई है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। भीड़ की नई मानसिकता पर रिसर्च किया गया है। इसी आधार पर 'क्राउड कंट्रोल एंड मास गैदरिंग मैनेजमेंट' दिशानिर्देश बने हैं। ये मानक इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि सोशल मीडिया के बहकावे में अचानक प्रदर्शन भड़कते हैं। भारत के तीन पड़ोसी देशों (नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका) में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

**गृह मंत्रालय ने बनाई गाइडलाइन, भीड़ को रोकने, बांटने और घेरने के तरीके बताए**

## नया H-1B वीजा शुल्क केवल नए आवेदकों पर होगा लागूः अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नए वीजा आवेदन पर लागू होगा, नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गए हैं।एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुनः प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यतः करते आए हैं। यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है, जो केवल नए आवेदन पर ही लागू होगा है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदकों को प्रायोजित करने के लिए कम्पनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया गया है।



**एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुनः प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा**

## सियासी मंदिरों में मत्था टेकने का मौसम शुरू

लखनऊ से तौसीफ़ कुरैशी

**लखनऊ।** वैसे तो 2027 अभी बहुत दूर है लेकिन सियासत के सरताज क्षेत्रीय छत्रप अपने सियासी आकाओं के दर पर मत्था टेकने का काम शुरू कर चुके हैं। लखनऊ की सियासी गलियां सियासत के मंदिरों में ऐसे सियासी सरताजों के मत्था टेकने की गवाही दे रही हैं।

यूपी की सियासत में बड़े पैमाने पर शह और मात का खेल चल रहा है। सत्ता पक्ष का ये प्रयास है कि विपक्ष को किसी भी सूरत में सत्ता के करीब नहीं आने देना है और विपक्ष की तमाम कोशिश है कि सत्ता पक्ष हर कीमत पर सत्ता से बेदखल हो जाए। इसी शह और मात को धार देने में हर दिन रणनीति बनाते दिख रही हैं। 2027 के इस सियासी संग्राम में किसके हाथ सत्ता की चाबी लगेगी, यही जोरआजमाइश होनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी चुनाव बहुत दूर है, लेकिन फिर भी सियासत के लंबरदार अपने-अपने सियासी मुख्यालयों पर अपने सियासी आकाओं के साथ कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहे हैं। जननायक राहुल गांधी के कंधे पर सवार होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में 37 लोकसभा की सीटें जीतने वाली सपा कंपनी के सीईओ का नजरिया अभी से ही यह दर्शा रहा है कि जैसे उन्होंने मान लिया है कि 2027 में हम सत्ता में आ रहे हैं। ऐसी ही गलती उन्होंने 2022 में भी की थी, जिसका परिणाम सबने देखा, ऐसा ही नजरिया वह अब भी दर्शा रहे हैं, जबकि भाजपा को कमजोर मानना बबुआ की सबसे बड़ी भूल होगी, लेकिन ऐसा वह करते दिख रहे हैं, तो इसमें क्या कहा जा सकता है। वैसे सपा के मालिक हर रोज अपने क्षेत्रीय छत्रपों से बात कर फीडबैक ले रहे हैं और छत्रप भी उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत करा रहे हैं क्या होगा और क्या नहीं होगा। यह कहना अभी उचित नहीं है, लेकिन जो सियासी समीकरण बनते दिख रहे हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सपा कंपनी का इस बात पर जोर है कि क्षेत्र में गुटबाजी कम से कम हो और प्रत्याशी चयन ठीक से हो जाए, उसके लिए सपा के मालिक के द्वारा जो फॉर्मूला अपनाया जा रहा है अगर उसी फॉर्मूले पर टिकटों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सियासी शेर की आजादी से पहले दहाड़ होने लगी महसूस!

**लखनऊ।** यूपी की सियासत में अहम किरदार रखने वाले पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता आजम खां सिर्फ़ जाति से ही खान साहब नहीं है सियासत में भी खान साहब ही हैं। बात हम कर रहे हैं मोहम्मद आज़म खां की। सुना है कि वह जल्द ही जेल की सलाखों से बाहर आ सकते हैं। जब खान साहब अपने विरोधियों के कानूनी शिकंजे से आजाद हो जाएंगे, तो फिर शांत पड़ी यूपी की सियासत भी उछाले ना ले ये हो ही नहीं सकता है। वैसा ही हो भी रहा है, कहीं मंथन है, तो कहीं चिंतन है। इस बात के कयास लगाए जाने लगे हैं क्या जिनके सियासी षड्यंत्रों का शिकार हुए हैं। सियासत के खां साहब द्वारा उनसे सियासी बदला लिया जाएगा या नहीं और सियासत में ऐसा हो नहीं सकता कि सियासी शेर आजाद होने पर दहाड़ ना लगाए, उसी दहाड़ की दहशत महसूस की जा रही है और कहीं उनकी सियासी दहाड़ का लाभ होने की खुशी भी महसूस हो रही है। उनके अगले सियासी क़दम को लेकर अटकलें लगाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। रावण खुश मौलाना बेचैन बबुआ उलझन में।

**यूपी में 2027 के लिए जोरआजमाइश शुरू**

## संक्षिप्त समाचार

### बकरी अनुसंधान केंद्र के विरोध में बीएचयू के प्रोफेसर धरने पर

**वाराणसी।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन नगरी मथुरा में बकरी अनुसंधान केंद्र को बंद करने की मांग को लेकर रविवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील कुमार गुरुधाम चौराहे पर धरने पर बैठ गए। डा. सुनील कुमार ने कहा कि मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की नगरी है, जहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने दावा किया कि पवित्र नगरी में बकरी अनुसंधान केंद्र खोलने से नकारात्मक ऊर्जा फैलेगी। सनातन संस्कृति में बकरी को नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि मथुरा की धरती गोपाल लीलाओं के लिए विख्यात है, जबकि बकरी को रक्तबीज के रूप में देखा जाता है। अनुसंधान केंद्र में प्रजनन जैसे कार्यों से नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। डा. कुमार ने मांग की कि मथुरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को अनुसंधान के नाम पर खराब न किया जाए।

### नवरात्रि से पहले करीब 10,000 तीर्थयात्री वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा आधार शिविर से यात्रा फिर से शुरू होने के बाद से चार दिनों में लगभग 10,000 भक्तों ने श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह यात्रा 18 सितम्बर सुबह फिर से शुरू हुई थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसी दिन स्थगित कर दी गई थी। एक दिन स्थगित रहने के बाद 19 सितम्बर को यात्रा फिर से शुरू हुई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लगभग 2,000-2,500 तीर्थयात्री प्रतिदिन मंदिर में दर्शन करते हैं।

## नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन के शुभारंभ पर बोले योगी

# जीएसटी रिफॉर्म से होगा नए रोजगार का सृजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से न सिर्फ जरूरी वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी बल्कि नए रोजगार का सृजन होने से युवाओं के सपने मूर्त रुप लेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गई है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने



■ ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गई है। यह घोषणा तीन सितम्बर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितम्बर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पर भी मिलेंगे। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इस सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ किया।

### हमें फिर से विभाजित नहीं होना: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047' पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान 'विकसित भारत' के लिए 'पंच प्रण' अपनाने का आह्वान किया, साथ ही कहा कि विकसित भारत के लिए विक. सित उत्तर प्रदेश का निर्माण करना होगा। सीएम ने कहा कि यह देश विभाजित था, इसलिए गुलाम हुआ। हमें फिर से विभाजित नहीं होना है।

विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए पंच प्रण लेना होगा। यह पंच प्रण गुलामी की मानसिकता को खत्म करना, अपनी विरासत को बचाना, 140 करोड़ भारतीयों में एकता, अपनी सेना पर गर्व करना और अपने अंदर की हीन भावना का त्याग करना है। मंच से सीएम योगी ने कहा कि हमें शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या सुझाव हो सकते हैं, उसे साझा करना होगा। हमें पिछले 5 वर्षों में क्या था, अगले 5 वर्षों में क्या हो सकता है, उसके 10 वर्ष आगे और क्या हो सकता है, उसे देखकर कार्य करना होग। हमें कैसे विकसित भारत की आधारशिला तैयार करनी है, उसे ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी भूमिका के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाना है। मेरा यह मानना है कि सब कार्य संभव हो सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में नेक्स्ट टारगेट तय किया है कि हम 2029-30 में 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेंगे।

# वाहनों से जातीय महिमामंडन के चिन्ह हटें: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि



■ स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ

जाति से लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फार्म से अनुसूचित जाति/जनजा. ति संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं।

# नेहा राठौर को राहत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट की लखनऊ पीठ ने नेहा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार चुनाव और हिंदू-मुस्लिम राजनीति से जुड़े अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आग्रह किया था।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने नेहा सिंह राठौर को 26 सितम्बर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप पहली नजर में संज्ञेय अपराध दर्शाते हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जानी उचित

■ अपमानजनक टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

है। अदालत ने कहा कि उनके ट्वीट्स का समय बेहद अहम है, क्योंकि वे पहलगाम हमले के तुरंत बाद पोस्ट किए गए थे। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है, जो एफआईआर के तहत लंबित है। वह जांच में सहयोग करने के लिए 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करती रहें। नेहा सिंह राठौर के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में अप्रैल में एफआईआर दर्ज हुई थी। उन पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ, जब उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी बिहार आए, ताकि पाकिस्तान को धमका सकें।

## योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों-पिछड़ों की नौकरियां: संजय सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौकरियों में एक खास जाति को प्राथमिकता दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने योगी आदित्यनाथ की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्ती घोटाला हो रहा है। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की नौकरियां सवर्णों को दे रही है। वह इस भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने और आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की मांग करते हैं। सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, जिसमें 11 ठाकुर, 2 सामान्य और 2 दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली है। इसी तरह, लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों की भर्ती में 15 ठाकुर, 4 सामान्य और 8 पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए। उन्होंने कहा कि खुद को पिछड़ों के नेता बताने वाले मोदी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी मारत माता की जय के नारे लगाता हूं और भाजपा वाले भी।

# भाजपा राज में विदेश नीति का अकाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा का शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 88 लाख) कर दिया है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद से ही आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा के राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। यादव ने रविवार को एक्स पर लिखा- भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। भाजपा सरकार न मनच. ाहे टैरिफ़ से बचा पा रही है और



■ आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों में अफरा-तफरी का माहौल

न मनमानी वीजा फीस से। न पड़ोसी देशों से संबंधों को और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। न प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी, जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से। न विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से, न आंतकवाद पर किसी देश को साथ ला पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विद. ेश नीति को ताक पर रख दिया है। झूठी निकली हर बतिया, हुआ वीजा लखटकिया।ष गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अखिलेश यादव इन दिनों आक्रामक मुद्रा अपनाए हुए हैं। अखिलेश यादव प्रेस कांफ्रेंस व सोशल मीडिया के जरिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलने का कोई मौका नही चूक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार में कमीशनखोरी की तरह कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है। युवाओं को नौकरियों के बदले लाठियां खानी पड़ी रही है, तो वहीं भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी परेशान है।

---

**सेंसेक्स** 81785.74
**निफ्टी** 25069.20

**सोना रु.** 110420
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 130050
प्रति किलो

# बाजार पर दिखेगा वीजा शुल्क का दबाव

## निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में तीन सप्ताह की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में एच-1बी वीजा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि का असर दिखाई देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एच. 1बी वीजा शुल्क में कई गुना वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर कर दिया है। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमे. रिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इसी सिलसिले में सोमवार को अमेरिका जा रहे हैं। आने वाले सप्ताह में आईटी कंपनियों पर वीजा शुल्क का दबाव रह सकता है। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक (0.88 प्रतिशत) की बढ़त में 82,626.23 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 213.05 अंक यानी 0.85 अंक की



साप्ताहिक तेजी में सप्ताहांत पर 25,327.05 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास जताया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.24 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 2.86 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 4.73 प्रतिशत और इटरनल का 4.70 प्रतिशत चढ़ गया। मारुति सुजुकी में 3.56 फीसदी, भारती एयरटेल में 3.06 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.95 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.77 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 2.69 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 2.52 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.46, बीईएल का 2.42 और एनटीपीसी का 2.11 प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा का शेयर 1.86 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.19 प्रतिशत, टीसीएस का 1.14 और टाटा स्टील का एक प्रतिशत की बढ़त में रहा। इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। नुकसान उठाने वालों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.92 फीसदी लुढ़का। एशियन पेंट्स में 2.34 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 1.07, बजाज फाइनेंस में 1.02 फीसदी और टाटा मोटर्स में 0.97 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 0.96 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईटीसी दोनों का 0.83 फीसदी, बजाज फिनसर्व का 0.71 फीसदी और पावर ग्रिड का 0.40 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहा।

## आज सोना और चांदी के भाव मात्र दस रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** देशभर में रविवार को पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में आज शांति दिख रही है। जिसके बाद सोना 10 रुपए महंगा हुआ है., वहीं चांदी 10 रुपए महंगी हुई है.। इसी बीच आज येलो मेटल कहे जाने वाले सोने के शुरुआती कारोबार में 110420 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है, जबकि चांदी का भाव 130,050 रुपए प्रति 1 किलो रहा।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। सोने की कीमतों में आए बदलाव पर नजर डालें, तो पांच कारोबारी दिनों में 10 ग्राम 24 कैरेट 500 रुपये के आस-पास महंगा हुआ है, लेकिन फिर भी ये अपने हाई से नीचे है। वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी की बात करें, तो इसके प्रति किलो भाव में 1258 रुपये का उछाल आया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़, चीनी भी नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमत भी बढ़ गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी में मंदी रही। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,842.74 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं चार रुपए महंगा होकर 2,863.02 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे की कीमत 11 रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,323.62 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 41 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में 105 रुपए और पाम ऑयल में 35 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सूरजमखी तेल 41 रुपए और सोया तेल 38 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 46 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं, तुअर दाल 12 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल



सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए, वहीं चीनी में 13 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7838.89 रुपए, मसूर काली 8106.87 रुपए, मूंग दाल 10131.59 रुपए, उड़द दाल 10463.79 रुपए, अरहर दाल 10559.70 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2863.02 रुपए और चावल 3842.74 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5016.48 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सियासी मंदिरों में....**

वितरण किया गया, तो शायद परिणाम बेहतर रहे। सत्ता मिलेगी या नहीं मिलेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा तेजी से काम करती दिख रही है। जैसे वह खुली बैठक में प्रत्याशी को लेकर एक राय बनाने की कोशिश करती दिख रही है। घोषणापत्र में क्या-क्या मुद्दे शामिल किया जाएं, क्षेत्रीय मुद्दे भी शामिल हो इस पर भी काम किया जा रहा है। ये फॉर्मूला सही तरीके से जमीन पर उतर जाने पर परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं और भाजपा को 2027 में विपक्ष की तरफ से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे देखा जाए, तो विपक्ष के सामने एक संकट भी मुंह बाए खड़ा है। सभी दलों में गठबंधन कैसे होगा, 2024 के हालात अलग थे, जब केंद्र सरकार बनने का मामला था। सपा के मालिक पर यह दबाव नहीं था कि उसको सरकार बनानी है, लेकिन 2027 राज्य में सरकार बनाने का मामला है। सपा कंपनी के द्वारा जरा सी चूक सपा को सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है ।इस लिए बहुत समझदारी से सबको साथ लेकर चलना होगा। विपक्ष के सामने सबसे बड़ी समस्या सरकारी मशीनरी भी है, जो भाजपा से लगाव रखती है। ऐसा विपक्ष मानता है उससे कैसे निपटा जाए। इसके लिए भी रणनीति बनानी होगी। विपक्ष को सत्ता के चक्रव्यूह से बचने के लिए सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने होंगे। जैसे समय रहते प्रत्याशियों का चयन करें, जिससे प्रत्याशी को अपनी पकड़ अंदर तक बनाने का उसे मौका मिले और प्रत्याशी चयन में इस बात का ख्याल रखा जाए कि प्रत्याशी गैरवाजिब न हो और जातीय समीकरण पर खास तौर से जोर दिया जाए।

## आज से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सस्ता मिलेगा पानी

**नई दिल्ली।** जीएसटी की नई दरें रविवार को रात 12 बजे से लागू हो जाएगी। इसके साथ ही नवरात्र के पहले दिन यानि 22 सितंबर से इसका फायदा मिलने लगेगा।


जीएसटी घटने से कई उत्पादों के दाम घट जाएंगे। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने बोतलबंद पेयजल ब्रांड रेल नीर की कीमत में एक रुपये की कमी की है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। इस बारे में रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि रेल नीर की सभी बोतलों में एक रुपये की कटौती की गई है। सभी जोनल रेलवे व भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को संबो. धित परिपत्र में कहा गया है कि बोतलबंद पेयजल रेल नीर की अधिकतम खुदरा कीमत में संशोधन किया गया है।

# नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम: कैट

नई दिल्ली, वार्ता

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं।

ये सुधार स्वतंत्र भारत के सबसे क्रांतिकारी कर सुधारों में से एक हैं, जिनका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को सशक्त करना, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर की दिशा में अग्रसर करना है। इन सुधारों से जहां देश के व्यापारी वर्ग को लाभ होगा, वहीं उपभोक्ताओं की बड़ी बचत भी होगी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा




कि इन सुधारों के तहत करीब 400 वस्तुओं को 12 एवं 18 प्रतिशत के कर स्लैब से हटाकर पांच प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है, वहीं 28 प्रतिशत के कर स्लैब को खत्म कर अधिक. ांश वस्तुओं को 18 प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस साहसिक निर्णय से 15 से 20 प्रतिशत तक कीमतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा निश्चित तौर पर वस्तुओं का उपभोग भी बढ़ेगा जिससे व्यापार में भी बड़ी वृद्धि होगी।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी से बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,18,328 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य तीन के एमकैप में 22,095 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 35,953 करोड़ रुपए बढ़ा। इसके शेयर में 4-73 प्रतिशत की साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई थी। भारती एयरटेल का एमकैप 33,215 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 17,389 करोड़ रुपए और टीसीएस का 12,952 करोड़ रुपए बढ़ गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मुश्किल में अपर्णा यादव का परिवार

## मां के बाद भाई पर 14 करोड़ की ठगी का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मर्चेंटाज्स इंफ्रा हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के मालिक चंद्रशेखर सिंह बिष्ट और उनके पार्टनर हिमांशु राय पर लखनऊ के एक व्यक्ति से चौदह करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगा है।



आरोप है कि जमीन खरीदने और बेचने के नाम पर यह रकम ली गई, लेकिन जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई। पीड़ित ठाकुर मंगल सिंह मनराल का कहना है कि कंपनी के कार्यालय में रकम दी गई थी, लेकिन लंबे समय तक जमीन न मिलने पर जब उसने पैसे की मांग की, तो चंद्रशेखर और उनके पार्टनर ने उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले में गोमती नगर थाने में अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने लखनऊ के कई पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई न होने पर अंततः उसे कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। चंद्रशेखर सिंह बिष्ट समा. जवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव के भाई हैं। अपर्णा यादव की मां अम्बी बिष्ट पर भी हाल में जमीन घोटाले का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें कई अधिकारियों के नाम शामिल थे। अब भाई पर भी इसी तरह का जमीन घोटाले का मामला दर्ज होने से अपर्णा यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी से नाराज होकर अपर्णा यादव भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुकी हैं और इन दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की करीबी मानी जाती हैं। मुख्यमंत्री स्वयं भी अपर्णा को धर्मबहन मानते हैं और उन्हें 'बहन' कहकर संबोधित करते हैं। अब देखना होगा कि मां के बाद भाई पर लगे इस आरोप पर प्रशासन और सरकार की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है।

## भीषण सड़क हादसा, एक की मौत, 41 घायल

**लखनऊ।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। कन्नौज जिले के तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली से बलिया जा रही स्लीपर कोच बस आलू से भरे डीसीएम ट्रक में जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस में सवार एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उन्तालीस लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई और घायलों की चीख-पुकार गूंज उठी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार भी बस से टकरा गई, जिससे उसमें बैठे लोग भी घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एक्सप्रेसवे की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।


# स्नान करने गए दो युवक गोमती नदी में डूबे, तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रविवार को अमावस्या पर्व था। इस वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान, दान व दर्शन और पूजन के लिए नैमिषारण्य पहुंचे थे। इन्हीं श्रद्धालुओं में सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हनुमान नगर निवासी मनोज यादव उम्र 28 वर्ष पुत्र रामखेलावन यादव तथा सुमित यादव उम्र 30 वर्ष पुत्र प्रेमचंद यादव नैमिषारण्य पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि मनीष और सुमित दोनों नैमिषारण्य के गोमती नदी स्थित राजघाट और 10 दशवश्मेश घाट के बीच स्थित नए घाट पर स्नान करने के लिए नदी में उतरे थे।

बतातें हैं कि बरसात की वजह से गोमती नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। स्नान करते समय मनोज और सुमित गहराई में पहुंच गए। तैरना ना आने की वजह से दोनों युवक नदी में डूब गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची इसके बाद मोटर बोट और गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश शुरू की गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि मोटरबोट और गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवकों के परिजन भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और स्थिति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# टेट की अनिवार्यता से मुक्ति को संघ ने राकेश विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर सभी जनपदों में टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा)से मुक्ति हेतु संघर्ष/ज्ञापन का कार्यक्रम संच. ालित है।संघर्ष के प्रथम चरण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में शिक्षक पात्रता परीक्षा(टेट)सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य कर दिया है,अन्यथा कि स्थिति में दो वर्ष बाद त्यागपत्र देना होगा या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

संगठन ने इस निर्णय के विरोध में प्रदेश के समस्त जनपदों के मुख्यालयों पर 10 सितम्बर को जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया था।

29 जुलाई 2011 के पूर्व शिक्षकों को टेट से मुक्ति की मांग की गई है।संघर्ष के द्वितीय चरण में जनपद के समस्त विधायक, सांसद एवं विधान परिषद सदस्यों को ज्ञापन दिया जाना था।इस क्रम में रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सदर विधायक गौरीगंज माननीय राकेश प्रताप सिंह जी को पैतृक निवास मऊ, गौरीगंज-अमेठी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आश्वस्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को पत्र भेजकर टेट से मुक्ति हेतु पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

# भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विफल: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने रविवार को इटावा में लॉयन सफारी भ्रमण के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है। किसानों को खाद और बीज नहीं मिलते, अस्पतालों में दवाएं नहीं हैं, बिजली आपूर्ति असंतोषजनक है और बिल बहुत अधिक आते हैं।



नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, लूट और बेईमानी चरम पर है और लोगों के साथ बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने समा. जवादी पार्टी के कई नेताओं, जिनमें मोहम्मद आजम खां शामिल हैं, पर झूठे मुकदमे लगाए और उन्हें परेशान किया। उन्होंने बताया कि भाजपा ने उपचुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली की और जाति के हिसाब से पदस्थापना कर जनता को ठगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की आर्थिक और विदेश नीति पूरी तरह असफल हो चुकी है। महंगाई बढ़ रही है, रुपया गिर रहा है और भारतीयों के साथ विदेशों में अपमानपूर्ण व्यवहार हो रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने दस वर्षों तक भारी टैक्स और दोषपूर्ण जीएसटी के जरिए जनता को लूटने का काम किया।

उन्होंने कहा कि अब सरकार जीएसटी कम करने का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन जनता जान चुकी है कि पहले भारी बोझ डालकर मुनाफा कमाया गया। अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार जा रही है और समाजवादी सरकार आने पर कारोबार बढ़ेगा, नौकरी और रोजगार उपलब्ध होंगे और जनता को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि इटावा लॉयन सफारी का सपना, जो कभी नेताजी और समाजवादियों ने देखा था, आज पूरा हो रहा है और पूरे देश में प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है।

# अमेठी में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर

### 1450 पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, जिला 17 सेक्टर में बांटा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ ही अमेठी में दुर्गा पूजा की तैयारियां चरम पर हैं। जिले के प्रमुख बाजारों और मोहल्लों में पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने विशेष इंतज़ाम किए हैं।



पूरे जिले को 17 सेक्टरों में विभाजित किया गया है और कुल 1450 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इससे न केवल पंडालों के भीतर बल्कि आसपास के इलाकों पर भी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी सेक्टरों में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहेंगे।अमेठी में दुर्गा पूजा का पर्व हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी अन्य राज्यों से आए कारीगर आकर्षक पंडालों का निर्माण कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर सप्तमी से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होगी, जबकि कई जगहों पर कलश और प्रतिमा स्थापना की शुरुआत कल से ही होगी। प्रशासन ने साफ किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही पंडालों में आने-जाने वालों पर नजर रखने के लिए सुरक्षा कर्मियों और वॉलंटियर्स की भी नियुक्ति की जाएगी।त्योहार को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और आयोजक समितियां पूरी तरह से सक्रिय हैं।

## नवरात्र पर अखिलेश यादव ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने शारदीय नवरात्र पर्व पर देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है। श्री यादव ने कहा कि नवरात्र मां दुर्गा की आराधना और शक्ति की उपासना का पर्व है। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना होती है। इस पर्व के दौरान व्रत आत्मशुद्धि के साथ लोकमंगल की भावना को भी बल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देने वाला पर्व है।

# 75 साल बाद नवरात्रि पर बन रहा विशेष शुभ योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** शारदीय नवरात्रि इस वर्ष भक्तों के लिए विशेष महत्व लेकर आ रही है। पंचांगों और ज्योतिष गणनाओं के अनुसार, 22 सितंबर 2025 को नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना (घटस्थापना), कलश स्थापना और मूर्ति पूजन के लिए अत्यंत शुभ मुहूर्त बन रहे हैं।

विशेष रूप से बताया जा रहा है कि इस दिन अमृत सिद्धि योग और रवि योग भी बन रहे हैं, जो कि 75 वर्षों बाद संभव हो रहा दुर्लभ संयोग है।अहोरवा भवानी धाम के आचार्य पं. बाबू राम जी ने बताया है कि घट या कलश की स्थापना के लिए सुबह 6:09 बजे से सुबह 8:06 बजे तक का मुहूर्त श्रेष्ठ है। जो भक्त इस समय उपस्थित न हो सकें, उनके लिए दूसरा शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त है जो सुबह 11:49 बजे से दोपहर 12:38 बजे तक रहेगा। इस दौरान कलश स्थापना और घट स्थापना विधि पूरा करना उत्तम माना जाएगा। मूर्ति पूजन भी इसी समयावधि में सुसज्जित तरीके से करना चाहिए।पूजा स्थल को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके तैयार किया जाएगा। घट स्थापना के लिए मिटी / पात्र में जौ बोया जाएगा, कलश को साफ जल, हल्दी, सुपारी, अक्षत, फूल-पत्ते आदि से सजाया जाएगा। कलश के ऊपर नारियल और लाल चुनरी का प्रयोग होगा। मूर्ति पूजन के समय भक्तों को स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्र पहनने की परंपरा है। पूजा के अंत में माता दुर्गा की आरती, मंत्र जाप और धार्मिक ग्रंथों का पाठ किया जाएगा।भक्ति की मान्यता है कि इस शुभ मुहूर्त के दौरान घट स्थापना और मूर्ति पूजन से भक्तों को अखंड सुख, समृद्धि और शत्रुओं पर विजय का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

# पुलिस ने दहेज हत्या की अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना मऊ पुलिस ने दहेज हत्या की नामजद अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह और क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अनिल कुमार और उनकी टीम ने कार्रवाई की। 21 अगस्त को गीता देवी निवासी ग्राम उमरा थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी ने सूचना दी थी कि उसकी पुत्री रेशमा को पति गया प्रसाद, सास छितिया और चचिया ससुर संतोष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे और दहेज न मिलने पर उसकी हत्या कर दी गई। इस पर थाना मऊ में मुकदमा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया गया।

इसी मामले में बीती रात उपनि. रीक्षक अनिल कुमार ने नामजद आरोपी छितिया पत्नी स्व. सुन्दरलाल निवासी नौबस्ता थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

# अमेठी में मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ

## एसपी के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर प्रदेशव्यापी अभियान मिशन शक्ति 5.0 का आगाज़ अमेठी में हुआ। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित एसपी कार्यालय से महिला पुलिसकर्मियों की एक विशेष बाइक रैली निकाली गई।



रैली का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने स्वयं स्कूटी चलाकर किया। उनके साथ एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की। महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी और बाइक से नगर क्षेत्र का भ्रमण किया और "महिला सुरक्षा, सबकी जिम्मेदारी" का संदेश दिया।यह रैली एसपी कार्यालय से प्रारंभ होकर गौरीगंज कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए जामो तिराहे तक पहुंची और फिर पुनः एसपी कार्यालय में संपन्न हुई। रैली के दौरान लोगों को महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और कानून व्यवस्था संबंधी जानक. ारी दी गई।एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिला अपराधों की रोकथाम, त्वरित न्याय और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बेटियों और बहनों की सुरक्षा में सभी की सामूहिक भूमिका है। मिशन शक्ति 5.0 को लेकर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनमें जागरूकता रैलियां, संवाद गोष्ठियां और नारी सुरक्षा से जुड़ी कार्यशालाएं शामिल हैं। प्रशासन का मानना है कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी।

# चार्जिंग पर लगी ई-स्कूटी से घर में फैली आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और पर्यावरण की चुनौतियों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब आम हो गए हैं।

कार हो या स्कूटी, बड़ी संख्या में लोग इन्हें खरीद रहे हैं, लेकिन चार्जिंग के दौरान खतरा कितना बड़ा हो सकता है, इसका उदाहरण सरोजिनी नगर स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर-एफ में सामने आया। अमित सक्सेना, उनकी पत्नी ऋचा प्रभाकर और बेटा अभिनव मकान में सो रहे थे। ऋचा की स्कूटी शाम को चार्जिंग पर लगाई गई थी। टर्मिनल लूज़ होने या अन्य कारण से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।

धुआं फैलने पर अमित सक्सेना ने किसी तरह बाहर निकलकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आलमबाग और सरोजिनी नगर फायर यूनिट की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और सीढ़ी के सहारे मकान में फंसे ऋचा और अभिनव को बाहर निकाला। इस बीच स्कूटी समेत घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। प्रथम दृष्टया कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## गोवध निवारण अधिनियम के तहत 3 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** अटरिया थाना पुलिस टीम द्वारा गोवध जैसे गंभीर आपराधिक कृत्य के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 276/2025 धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम में प्रकाश में आये 3 आरोपियों पर शिकंजा कसा है। अटरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के भट खेरवा नहर पुलिया के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने सिधौली को टोली क्षेत्र के ग्राम बाड़ी निवासी हबीब पुत्र फजल, अफजल पुत्र असगर तथा अटरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गोधना निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र मैनुद्दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों गोवध निवारण अधिनियम मामले में आरोपी हैं।

# रक्तदान महायज्ञ में शामिल हुए सदर विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी/गौरीगंज।** पुष्पा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गौरीगंज में परम वंदनीय माताजी की 99वीं जयंती पर रविवार को रक्तदान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, रेडक्रॉस सोसाइटी अमेठी, मनीषी भांधी पी.जी. कॉलेज, श्री बज अकादमी तथा श्री शिवना केदारनाथ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। विधायक ने कहा, "रक्तदान एक महान सेवा है। यह न केवल जीवन बचाता है बल्कि समाज में कर्तव्य और सहयोग की भावना भी जगाता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।" शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। आयोजकों के अनुसार, इस महायज्ञ का उद्देश्य रक्त संग्रह के साथ-साथ समाज में जागरूकता, सहयोग और सेवा भाव को बढ़ावा देना है।गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने कहा कि माताजी की जयंती जैसे अवसर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। रक्तदान के माध्यम से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह परोपकार और निस्वार्थ सेवा का भी प्रतीक है।कार्यक्रम के सफल संचालन में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों और स्थानीय संगठनों ने सहयोग दिया। अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया।

# एडेड जूनियर हाईस्कूलों में भर्ती का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एडेड जूनियर हाईस्कूलों में भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।

उच्च न्यायालय में लंबित मामले के निस्तारण के बाद शासन ने 1500 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश जारी किए हैं। इसमें 260 प्रधानाचार्य और 1250 सहायक अध्यापक के पद शामिल हैं। बेसिक शिक्षा विभाग अब इन पदों की भर्ती पूरी करेगा और 2021 की परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का लंबे समय से इंतजार अब समाप्त होगा। शासन ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को इस भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप देने और समयबद्ध तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस निर्णय से न केवल प्रधानाचार्यों और सहायक अध्यापकों के पदों पर खालीपन समाप्त होगा, बल्कि जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षा संचालन और प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आएगी। इस कदम से अभ्यर्थियों को लंबे समय से प्रतीक्षित रोजगार मिलेगा और प्रदेश के शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुठभेड़ के दौरान दो गौ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगली**। पुलिस ने एसओजी सर्विलांस टीम के साथ मिलकर पुलिस मुठभेड़ के बाद दो गोकशी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान चाहत और अल्तमश के रूप में हुई है। इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, गोकशी के उपकरण और एक हुंडई एसेंट कार बरामद हुई है।

बीती रात उझारी ढबारसी रोड पर चेकिंग शुरू की। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन कार सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर कार को रोका। कार सवारों ने खुद को घिरा देखकर फिर से पुलिस पर गोली चलाई और भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम अल्तमश पुत्र नबी और दूसरे ने चाहत पुत्र जुबेर अहमद निवासी बहादुरगढ़, हापुड़ बताया। अल्तमश ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर आवारा गोवंशीय पशुओं का वध कर उनके मांस को दिल्ली में बेचते थे। उन्होंने 1 सितंबर 2025 की रात को अमरोहा-सम्भल सीमा पर चांदपुर और मथना गांवों में भी गोकशी की घटना को अंजाम दिया था, जिसके संबंध में थाना सैदनगली में पहले से ही मामला दर्ज है। गिरफ्तार किये गये आरो. पियों में से अल्तमश एक शातिर अपराधी है। जिसके खिलाफ पहले भी गोवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दोनों तस्करों के पैर में लगी गोली



# ब्राह्मण महासभा के शिविर को लेकर हुई बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला**। ब्राह्मण महासभा द्वारा गंगा मेला तिगरी में हर बार की तरह विशाल शिविर लगाया जाएगा। जिसके लिए तैयारियों पर चर्चा करने हेतु एक बैठक का आयोजन सनातन धर्म संस्कृत पाठशाला में किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि शिविर का शुभारंभ 01 नवम्बर को होगा, जिसमें धार्मिक कार्यक्रम, रागिनी कार्यक्रम, हवन पूजन भंडारे आदि सहित तिगरी मेले में आने वाले समाज के लोगों को जागरूक करने के कार्य किया जाएगा। अध्यक्षीय भाषण में शिक्षक जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि तिगरी मेले के शिविर को सफल बनाना ब्राह्मण महासभा के प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है। बैठक में तय हुआ कि शिविर के प्रचार प्रसार हेतु जनपद के सभी गांवों एवं शहरों से सभी ब्राह्मण लोगों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर समीर प्रभाकर, जानकी प्रसाद, देवेश शर्मा, नरेश शर्मा, जयवीर शर्मा, मुकुंद राम शर्मा, राजीव शर्मा, अंकित शर्मा, संजय शर्मा, डोरी लाल शर्मा, निर्भय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कनेक्शन काटने पहुंची विद्युत टीम से मारपीट

### एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नौगांवा सादात**। बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने गयी टीम के साथ मारपीट की गयी। लोगों के बीच घिरता देख टीम वहां से भाग निकली। मामले में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

यह मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सिहाली का है। रविवार को नौगावां सादात बिजलीघर के जेई यशवंत कुमार गौड़ टीम के साथ गांव में बिजली चेकिंग के साथ बकाया बिल पर कनेक्शन काटने पहुंचे थे। टीम में उनके साथ संविदा लाइनमैन संदीप कुमार, अतुल, कावेंद्र सिंह व नरेश भी थे। गांव में रामफल सिंह नाम के उपभोक्ता पर बिजली का बिल बकाया था। लिहाजा टीम उनका कनेक्शन काटने लगी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का युवक दीपक वहां पहुंचा तथा कनेक्शन काटने का विरोध शुरू कर दिया। उसने टीम के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। हंगामे के दौरान भीड़ जमा हो गई। घिरने पर टीम ने गांव से भाग कर खुद को बचाया।मामले में जे ने थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# ऑनलाइन गेम में पैसा हारने पर रची लूट की साजिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर**। जनपद के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिडला निवासी एक युवक ने ऑनलाइन गेम एविएटर में पैसे हारने के बाद, अपने दोस्त से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए खुद के साथ लूट की झूठी कहानी रच डाली। पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह मामला तब सामने आया जब 18 सितंबर को भारत नाम के एक युवक ने पुलिस को सूचना दी कि अज्ञात व्यक्तियों ने उससे एक मोबाइल फोन और 43,000 रुपये लूट लिए हैं। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस की गहन पूछताछ में, आरोपी भारत ने अपनी झूठी कहानी का पर्दाफाश कर दिया। उसने बताया कि वह 18 सितंबर को अपनी मां को छोड़ने के लिए बुलंदशहर गया था। वहाँ उसने अपनी मां के भाई नितिन से 43,000 रुपये लिए थे। ऊन पैसों को उसे दयावली खालसा निवासी एक युवक को देने थे। रास्ते में ही उसने एक योजना बनाई कि वह खुद के साथ लूट की झूठी घटना दिखाकर इस पैसे से अपने दोस्त का कर्ज चुका देगा। घ्इस योजना के तहत, वह हसनपुर आया और एक जन सेवा केंद्र से 43,000 रुपये अपने मोबाइल खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करा दिये। पुलिस जब उसके साथ जन सेवा केंद्र पहुंची तो सीसीटीवी फुटेज और रिकॉर्ड की जांच से पता चला कि उसने दो बार में 30,000 और 10,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर किये थे। उसने यह भी बताया कि उसने सबूत मिटाने के लिए अपना मोबाइल पानी में फेंक दिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने ऑनलाइन गेम में हारे हुए पैसे की वजह से यह झूठी कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पुलिस ने किया लूट का खुलासा



# समाज के उत्थान के लिए कार्य करें युवा

### यूथ मुस्लिम कमेटी का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। रविवार को पैगाम-ए-अमन कमेटी अमरोहा के तत्ववाधान में मोहल्ला कुरैशी स्थित हाजी मुजफ्फर अली अंसारी के प्रतिष्ठान पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में यूथ मुस्लिम कमेटी (रजिस्टर्ड) अमरोहा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संबोधन में हाजी खुरशीद अनवर ने कहा कि यूथ मुस्लिम कमेटी अमरोहा समाज के युवाओं को एकजुट करने और उन्हें समाज के उत्थान के लिए काम करने हेतु प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज के लिए और अधिक काम करेंगे और युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करेंगे। नव निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट जीशान अली पाशा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहरुख खान एडवोकेट, उपाध्यक्ष मुन्तजिम अब्बासी एडवोकेट, महासचिव मोहम्मद हम्माद अजीज, सचिव शाहनवाज अहमद, कोषाध्यक्ष फैजान खान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद बिलाल आदि का फलू-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान हाजी मुजफ्फर अली अंसारी, कमर नकवी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, फैज आलम राईनी, अली इमाम रिजवी, अदनान मसरूर, कासिम खान, मरगूब सिद्दीकी, इकराम हुसैन जैदी, फजले चौधरी, यासिर अंसारी, डा.शहाबुद्दीन, सलमान चौधरी, अरमान एडवोकेट, फहीम शाहनवाज, फैज हमजी, अफजल खान, उस्मान मंसूरी, सरकार आलम, आलम आदि मौजूद रहे।

# तिगरी मेले में लगेगा जाटव महासभा का शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला**। जिला जाटव महासभा जनपद अमरोहा की बैठक नगर के गंगानगर में स्थित आरपी फार्म हाउस

### इंजी.विजयप्रताप को मिली जिलाध्यक्ष की कमान

में हुई। बैठक में गंगा मेला तिगरी में जिला जाटव महासभा का कैम्प लगाने पर विस्तार से चर्चा की गई तथा भव्य व विशाल कैम्प लगाकर समाज में फैली कुरीतियां को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने व युवाओं को राजनीति में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करने पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में इं.विजयप्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष, गंगासरन सिंह को महामंत्री, प्रीतम सिंह को कोषाध्यक्ष, किरनपाल सिंह को सहमंत्री, राजेन्द्र सिंह, सतीश कुमार, रामवीर सिंह, महेन्द्रसिंह आर्य को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सुरेश चन्द्र मौर्य, महेश प्रधान, डॉ. पृथी सिंह, जयवीर सिंह, गोपाल सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, चेतराम सिंह, राजवीर सिंह, रमेश चन्द, करतार सिंह, अतरपाल सिंह, जगवीर सिंह, हरपाल सिंह, अन्तराम सिंह, रविराज सिंह, ब्रजपाल सिंह, करन सिंह, चन्द्रपाल सिंह, मलखान सिंह, धर्म सिंह, लखपत सिंह, सुन्दरपाल सिंह, श्री चन्द्र, संजीव कुमार, राजेश कुमार, , प्रताप सिंह, जंग बहादुर, सुरेन्द्र पाल सिंह, रामकिशोर, धर्मपाल सिंह, मुकेश कुमार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने पूर्ण मेहनत के साथ तिगरी मेला शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया।



# ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में मासूम की मौत

### ई रिक्शा में लदा गार्डर बना मौत का कारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा**। गांव चुचौला कला में रविवार देर शाम सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। एक गार्डर लदी ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल रेहड़ी की जोरदार भिड़ंत में पांच वर्षीय मासूम समीर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की वजह से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

बछरायूं थाना क्षेत्र के मोहल्ला पीरजादगान निवासी दानिश अपनी पत्नी सोनी, बेटी बरीला और बेटे समीर के साथ मोटरसाइकिल रेहड़ी से सिबारा से लौट रहे थे। चुचौला कला के पास अचानक उनकी बाइक रेहड़ी गार्डर लदी ई-रिक्शा से टकरा गई। भीषण टक्कर में आगे बैठे समीर के सिर में गार्डर जा घुसा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं पीछे बैठी उसकी पत्नी और बेटी भी घायल हुईं, हालांकि उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी धनौरा भिजवाया। ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# ठेकेदार व चालक की मौत के खुलासे की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला**। जिला जाटव महासभा के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह के पुत्र ठेकेदार देवऋषि व उनके चालक इंद्रदेव की मौत के मामले में थाने पहुंचकर खुलासे की मांग की। जिलाध्यक्ष इंजी.विजयप्रताप सिंह ने कहा कि जब तक अतरपाल सिंह को न्याय नहीं मिल जाता तब तक जाटव समाज चुप नहीं बैठेगा। बता दें कि मौहल्ला शुक्लपुरी के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह के 38 वर्षीय पुत्र देवऋषि उर्फ दीपक सिचाई विभाग में ठेकेदारी करते थे। उनके साथ चालक गांव चौबारा निवासी 33 वर्षीय इंद्रदेव चालक भी रहता था। अवंतिकानगर में देवऋषि के कार्यालय परिसर में 28 मई की देरशाम को ठेकेदार व चालक दोनों मौजूद थे। फिर 29 मई की सुबह को भांजे ने कार्यालय में जाकर देखा तो देवऋषि व इंद्रदेव के शव फर्श पर पड़े हुए थे। दोनों के मुंह से झाग निकल रहे थे और चेहरे पर सूजन था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया मगर, रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। विसरा भी सुरक्षित गया, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। परिजनों का कहना है कि ठेकेदार व उनके चालक की हत्या की गई है। रविवार को जाटव महासभा के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की और अपराध निरीक्षक के प्रति नाराजगी जाहिर की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विजयप्रताप सिंह, अतरपाल सिंह, महेश प्रधान, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रामवीर सिंह, डॉ.पृथी सिंह, किरनपाल सिंह, जयवीर सिंह, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।



# तहज़ीब व अदब का शहर है अमरोहा

### नवाब मंजिल में आईजी सैयद हसनैन का इस्तकबाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। कारवाने खुलूस संस्था के संयोजन में शनिवार रात आयोजित कार्यक्रम में आईजी सीआरपीएफ सैय्यद हसनैन का स्वागत किया गया।शहर के मोहल्ला मजापोता स्थित नवाब मंजिल में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर नाशिर नकवी ने सैय्यद हसनैन के कार्यों पर रोशनी डाली जबकि संस्था अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी ने शॉल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पंडित भुवन शर्मा और अधिवक्ता इस्लाम आलमी ने कलाम पेश किया। सैय्यद विकारुल हसनैन खान ने संस्था के कार्यों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया। महबूब हुसैन जैदी ने संस्था की ओर से प्रकाशित हुई किताबों को आईजी सैय्यद हसनैन को पेश किया। आईपीएस सैय्यद हसनैन ने कहा कि अमरोहा अदब का शहर है। आज भी यहां की तहजीब जिंदा है और इसे जिंदा रखने में यहां की सांस्कृतिक संस्थाओं का विशेष योगदान है। कार्यक्रम में वैज्ञानिक सफी नकवी, रजा तहसीन, हकीम हामिद अली, नवाब मुराद अली, नाज अख्तर, हसनैन नवाज, हुसैन मोहम्मद जान, अलमदार नकवी, महताब हुसैन, शफात हुसैन आदि लोग मौजूद रहे। वहीं, सैय्यद हसनैन ने दरगाह शाह विलायत, इमाम बारगाह नूरन, इमाम बारगाह वजीर-उन-निसा का भी दौरा किया।

# वरन बने एससीएसटी टीचर्स एसो. के मंडल अध्यक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन का मंडल अध्यक्ष वरन सिंह व पवन कुमार को मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वसम्मित से चुना गया।

रविवार को नगर के एक बैंक्विट हाल में एससी एसटी टीचर्स वेलफेसर एसोसिएशन का संगठन का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मित से वरन सिंह को मंडल अध्यक्ष तथा पवन कुमार को मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा योगेश कुमार को जिलाध्यक्ष, मोहित कुमार को जिला महामंत्री, अमरजीत सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निशि भूषण को महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष, गुरजीत सिंह को कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र सिंह को संयुक्तमंत्री, जैनेन्द्र सिंह को जिला प्रवक्ता, विजेन्द्र सिंह को संगठनमंत्री, हितेन्द्र कुमार, संजय कुमार, जयविन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह को जिला मंत्री, धर्मवीर सिंह, पदम सिंह, अशोक कुमार, हेम सिंह, विजेन्द्र सिंह को बनाया गया है। इस मौके पर हीरा सिंह, मदनपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, नितिन कुमार, मुनेन्द्र मोहन, शशिकांत गौतम, विजेन्द्र सिंह, डा. रेनू बड्डा, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।



आवश्यकता है

बी0ए0(सभी विषय),बी0एड्,
बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी0कामo,
बी0एस-सी गृह विज्ञान,
बी0एस-सी (PCM/ZBC)
एम0ए0(सभी विषय), एम0एड्0,
एम0काम0, एम0एस-सी
गृह विज्ञान, एम0एस-सी
(PCM/ZBC) योग्यता एवं वेतन
यू.जी.सी. मानकानुसार। योग्य
अभ्यर्थी 21 दिन के भीतर बायोडाटा
सभी प्रमाण पत्रों एवं पेनकार्ड,
आधार व 4 फोटो सहित आवेदन करें

हाशमी एजुकेशनल ग्रुप
सम्बद्ध- गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
बिजनौर रोड, अमरोहा (उ0प्र0)
collegehashmi@gmail.com
05922-260755, 9917285040

**नाम सम्बंधी सूचना**

मेरे पुत्र आर्यन धामी के अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम उमावती धामी दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम उमावती है। इसीलिए त्रुटि को दूर करते हुए मेरे पुत्र आर्यन धामी के अभिलेखों में मेरा नाम उमावती दर्ज करना आवश्यक है।

**उमावती** पत्नी राजेन्द्र सिंह धामी, निकट राम धर्म कांटा, गांधीनगर, गजरौला (अमरोहा)

# सुन्दर कांठ में बुद्धि और भक्ति का वर्णन

### कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा**। जीवन दीप सत्संग मंडल अमरोहा के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान पूज्य गुरुदेव यतीन्द्रानन्द गिरि जी महाराज ने अरण्यकांड, सुंदरकांड और लंकाकांड के भावपूर्ण प्रसंग सुनाए।

गुरुदेव ने अरण्यकांड का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने अत्रि मुनि से भेंट की, जहां माता सीता जी को पतिव्रत धर्म का उपदेश मिला। वहीं, मारीच को स्वर्ण मृग का रूप धारण कर सीता हरण की भूमिका बनने की कथा भी सुनाई गई। सुंदरकांड का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि इसमें बुद्धि और भक्ति का वर्णन है। इस पाठ को नियमित रूप से पढ़ने से जीवन में आशा और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है तथा संकटों का निवारण होता है। लंका कांड के प्रसंग में स्वामी जी ने अशोक वाटिका, हनुमान जी द्वारा लंका दहन और रावण वध की कथा का वर्णन किया। इस अवसर पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भी रामकथा के कुछ प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने स्वामी जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में डॉ. के.एस. सैनी, सौराम सिंह सैनी, लीलाधर अरोड़ा, राहुल सैनी उपस्थित रहे। वहीं, संरक्षक सुरेश कुमार विरमानी, शिशुपाल सिंह चौहान, मीनाक्षी वर्मा, राजकुमार करनवाल, रमेश कलाल, राहुल चौहान, सिद्धार्थ अग्रवाल, अबनिश त्यागी, हिरदेश गोयल, अंकुर अग्रवाल, हरीश वीर सिंह, पार्थ, डॉ. आशुतोष विजय, ठाकुर अग्रवाल, सत्यवीर, मोहित, ललित आदि श्रद्धालु भी सम्मिलित हुए।

# बाइक रैली से बताए सुरक्षा के उपाए

### महिला पुलिस कर्मियों ने नगर में निकाली रैली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा नगर में बाइक रैली निकाली गयी। इस रैली को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने रामलीला ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांधी मूर्ति होते हुए होटल रीगल पर जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी धनौरा समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। रैली के दौरान महिला आरक्षियों को महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। पुलिस द्वारा जनमानस को महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया, जिनमें वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता 112 और चाइल्डलाइन 1098 शामिल हैं। साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल दुनिया में सतर्कता जैसे विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान का यह कदम अमरोहा पुलिस की महिलाओं के लिए सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# यूपी को विकसित बनाने में हर व्यक्ति निभा सकता है योजक की भूमिकाः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश 'विक. सित उतर प्रदेश विजन 2047' पर काम कर रही है।

इसमें सरकार द्वारा निर्धारित 12 सेक्टर्स में से किसी भी क्षेत्र में अपने सुझाव देकर राज्य का हर व्यक्ति यूपी को विकसित बनाने में योजक की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति सरकार द्वारा जारी 'विकसित उतर प्रदेश विजन 2047' के क्यूआर कोड को मोबाइल में स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दे। रविवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में 'विकसित भारत-विक. सित उत्तर प्रदेश विजन-2047' पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी मिलने के बाद 1947 के देश की



अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 14 प्रतिशत था। इसके बाद इसमें लगातार गिरावट आती गई। 2017 में उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें सुधार आना शुरू हुआ।मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 तक उत्तर प्रदेश की जीडीपी 12 लाख 36 हजार करोड़ रुपये थी। इस वर्ष के अंत तक सरकार इसे 36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने जा रही है। यानी नौ सालों में तीन गुने की वृ(। इसी तरह राज्य में प्रति व्यक्ति आय भी नौ सालों में 45000 रुपये से बढ़कर 1 लाख 20000 रुपये पर पहुंच रही है। आज प्रदेश में हरेक सेक्टर में विकास देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने पितृ विसर्जन के पावन पर्व पर आजादी दिलाने वाले देश के पूर्वजों को याद करते हुए कहा कि देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वालों का सपना था कि भारत दुनिया की एक ताकत बने। पितृ विसर्जन पर विक. सित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के लिए आयोजित यह कार्यशाला पूर्वजों के प्रति सबसे बघी श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि पीएम के आह्वान के तीन साल बाद जब किसी और जगह से आवाज नहीं आई तो विकसित भारत के लिए आवाज उठाने की शुरुआत यूपी ने की। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में विकसित उत्तर प्रदेश के लिए एक विजन बनाने को विधानसभा और विधान परिषद में लगातार 24 घण्टे चर्चा हुई। इस चर्चा ने उस धारणा को बदल दिया है जिसमें कहा जाता था कि विधायिका में काम नहीं होता है। और, उस चर्चा के बाद अब आमजन से सुझाव लेकर कार्ययोजना बनाने की तैयारी की जा रही है। योगी ने कहा कि प्रदेशभर में इस तरह की चर्चा के कार्यक्रम को आगे बघने हेतु यूपी में तीन सौ से अधिक बु( जीवियों जिसमें सेवा. निवृत्त आईएएस, कुलपति, शिक्षक, चिकित्सकों, उद्यमियों की सहभागिता है, को प्रदेश के सभी जिलो में भेजा जा रहा है। ये बु( जीवी प्रदेश के विभिन्न अकाद. मिक संस्थाओं में जाकर विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर छात्रों व अन्य लोगों से चर्चा कर रहे है। अब तक प्रदेश के 110 से अधिक अकादमिक संस्थाओं में भ्रमण कर ये बु( जीवी छात्रों से, जनता से संवाद कर चुके हैं। ये अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों के बहुमूल्य विचारों को भी आमंत्रित कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विचार कभी मरता नहीं है। यदि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का विचार सामने आया है तो मूर्त रूप अवश्य लेगा। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्पों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में हर देश का अपना एक राष्ट्रीय चरित्र होता है। भारत में यह राष्ट्रीय चरित्र भारत का अध्यात्म है। भारत के प्रत्येक नागरिक में किसी न किसी रूप में आध्यात्मिक भाव होता है। हर देश अपने चरित्र के अनुरूप अपनी भूमिका तैयार करता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में भगवान राम के रूप को हमारे देश के आध्यात्मिक चरित्र को दिखाया गया है। रामायण में सामाजिक जीवन, राष्ट्रीय जीवन, पारिवारिक जीवन, प्राकृतिक जीवों से जुड़े सभी मूल्य समाहित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को प्रदेश की अर्थव्यवस्था में गेम चेंजर होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हर जिले के एक खास उत्पाद को चिन्हित कराकर ओडीओपी की शुरुआत की।

# समाजवादी पार्टी का भविष्य अंधकार में: केशव मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कहा कि समाजवादी पार्टी एक डूबता जहाज है और उसका भविष्य अंधकार में है।

श्री केशव मौर्य ने आज आगरा के विकास भवन में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर पर हमला बोला। वह तेजस्वी यादव पर हमलावर दिखे। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि समा. जवादी पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है और उसका भविष्य अंधकार में है। उन्होंने कहा कि तीनों परिवारवादी पार्टी अवसाद में हैं और आगरा में इलाज की व्यवस्था है। उन्होंने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पर कहा कि इसका विरोध देश नहीं कर रहा है।

सत्ता के लिए पानी से बाहर निकली मछली की तरह तड़पने वाले व्याकुल हैं।

सही का विरोध करना राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव की तिकड़ी का फैशन बन गया है। उन्होंने श्री राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि वो भूकंप लाने वाले थे भूकंप नहीं आया। एटम बम फोड़ने वाले थे फूटा नहीं, अब हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे वो दिवाली के पटाखे के बराबर भी नहीं निकला।

# फ्लॉप सीएम की फिल्म का फ्लॉप होना तो तय ही थाः सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म 'अजेय' को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) ने निशाना साधा है।

पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ ने कहा है कि फ्लॉप तो होनी ही थी, सीएम भी फ्लॉप ही हैं तो फिल्म भी फ्लॉप ही होना तय था। पार्टी मीडिया सेल ने रविवार को एक्स पर लिखा कि ना इनके कार्यकाल में कोई अर्जित उपलब्धि है ना फिल्म की कोई अर्जित कमाई हुई। ऐसी ऐरी गैरी फिल्में पता नहीं कितनी आती हैं और चली जाती हैं, कोई देखने नहीं जाता। नशे में धुत भाजपा सरकार के पुलिस वाले ने दुकानदार को धमका कर जबरन फ्री में मीट मांगा, भाजपा सरकार के ये मुफ्तखोर मीटखोर पुलिस वाले




आतंक और उत्पात एवं अराजकता और वसूली का पर्याय बन गए हैं और पूरे यूपी में मुफ्त खोरी कर रहे हैं तथा दुकानदारों से जबरन वसूली करते हैं। एक अन्य पोस्ट में मेरठ के रोहटा चौकी इंचार्ज अनिल कुमार द्वारा नशे में धुत होकर मीट व्यापारी से मटन मांगना और धमकी देने का वीडियो वायरल होने पर भी मीडिया सेल ने निशाना साधा है। मीडिया सेल ने लिखा कि नशे में धुत भाजपा सरकार के पुलिस वाले ने दुकानदार को धमका कर जबरन फ्री में मीट मांगा, भाजपा सरकार के ये मुफ्तखोर मीटखोर पुलिस वाले आतंक और उत्पात एवं अराजकता और वसूली का पर्याय बन गए हैं और पूरे यूपी में मुफ्त खोरी कर रहे हैं तथा दुकानदारों से जबरन वसूली करते हैं।

सेल ने कहा ष पूरे प्रदेश में दुकानदार, ठेले, खोमचे और रेहड़ी वाले इन मुफ्तखोर पुलिस वालों से परेशान हैं, भाजपा सरकार का पुलिस मॉडल यही है, महाभ्रष्ट और मुफ्तखोर एवं वसूलीबाज। मिर्जापुर के बेलतर चौकी प्रभारी सुनील कुमार द्वारा भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के महामंत्री कृष्ण कुमार के साथ हुई मारपीट और गाली गलौज को लेकर सेल ने निशाना साधा है। सेल ने कहा है कि एक और भाजपा नेता पुलिस पिटाई का शिकार हो गया, यूपी में लगभग रोजाना कोई ना कोई भाजपा नेता उत्पात कर रहा है और पुलिस से झगड़ा लड़ाई कर रहा है।

# किसानों को खाद-बीज, बिजली, दवाएं व रोजगार नहीं

## भाजपा सरकार ने प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया हैः अखिलेश

**मसूद हसन**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है। किसानों को खाद-बीज नहीं मिलता है। अस्पतालों में दवाएं नहीं है। बिजली नहीं आती है। बिल ज्यादा आता है। जनता को बिजली को लेकर बहुत शिकायतें हैं। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार, लूट और बेईमानी चरम पर है। लोगों के साथ बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है।



नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाए गए। सच को दबाया गया। अब इस सरकार की चलाचली की बेला है। इनका समय खत्म हो रहा। भाजपा ने नौ बजटों में जनता को कुछ नहीं दिया। झूठे वादे और झूठ के अलावा कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाने वाली है। समाजवादी सरकार आएगी। कारोबार बढ़ेगा। नौकरी, रोजगार मिलेगा। लोगों को न्याय मिलेगा। हर वर्ग के लिए काम होगा।रविवार को इटावा में लॉयन सफारी भ्रमण के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इटावा लॉयन सफारी का जो सपना कभी नेताजी और समाजवादियों ने देखा था, आज वह आगे बढ़ रहा है। इटावा लॉयन सफारी को पूरे देश में प्रसिद्धि मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को खाद, बीज, बिजली और अन्य सुविधाएं नहीं दे पा रही है। प्रदेश में खाद की कालाबाजारी हुई। खाद के लिए किसानों को लाइनें लगानी पड़ी। धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। फिर भी डीएपी, यूरिया नहीं मिली। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की कि जो सरकार खाद, बीज, पानी नहीं दे पा रही, फसलों की खरीद नहीं कर पा रही है। उसे हटा दें। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने मोहम्मद आजम खां साहब समेत समाजवादी पार्टी के कई नेताओं पर झूठे मुकदमे लगाए। उन्हें परेशान किया। सरकार समाजवादी पार्टी नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। भाजपा सरकार एक तरफ टॉप टेन अपराधियों की सूची तक नहीं बताती वहीं दूसरी तरफ निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमों में जेल भेजती है। यह सरकार बहुत अन्याय और अत्याचार कर रही है। जनता सब देख रही है। आज थाने, से लेकर हर जगह एक ही जाति के लोगों का बोलबाला है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली की। चुनाव लूट लिया। प्रशासनिक दबाव बनाकर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। लोकसभा चुनाव में अयोध्या की जनता ने भाजपा को हराया था। मिल्कीपुर उपचुनाव जीतने के लिए भाजपा ने हर तरह के हथकंडे अपनाएं। जाति के हिसाब से पोस्टिंग की। जाति के हिसाब से मंत्री लगाए, वोट पर डकैती डाला। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के काम करने के तरीके को पूरे देश की जनता जान चुकी है। भाजपा सरकार हर मामले में असफल हो चुकी है। अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। रूपया गिर रहा है। महंगाई बढ़ रही है। खाद, बीज नहीं है। नौकरी, रोजगार नहीं है। जिस दिन मीडिया और चौनल के लोग सच बोलना शुरू कर देंगे। भाजपा सरकार की असफलताओं को बताना शुरू कर देंगे यह सरकार चली जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की आर्थिक और विदेश नीति फेल हो गई है। आज दुनिया में भारत के मित्र देशों की संख्या घट गई है।

जिन्हें अब तक भारत का मित्र देश माना जाता था वे भी व्यापार में चिढ़ा रहे हैं। भारत से व्यापार और कारोबार छीन रहे हैं। भाजपा सरकार के पास इन सवालों का जवाब नहीं है। हम सभी ने देखा कि भारतीयों को बेड़ियां और हथकड़ी लगाकर वापस भेजा गया। अपमा. नित किया गया। इतना अपमान भारतीयों का कभी नहीं हुआ जितना भाजपा सरकार में हुआ। अब एच-1बी वीजा पर जो पाबंदियां लग रही हैं उससे भारतीय कम्पनियों और भारतीयों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कम्पनियों का कारोबार घटेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस वर्षों तक भारी टैक्स के जरिए जनता को लूटने का काम किया। भाजपा ने जनता से झूठे वाद किए। जनता को धोखा दिया। सरकार बताए कि जीएसटी बढ़ाकर इतने वर्शों तक जो मुनाफा कमाया है क्या उसे वापस करेगी? भाजपा सरकार ने दोषपूर्ण जीएसटी लगाकर व्यापार और व्यापारियों को उलझा दिया। सरकार ने भारी जीएसटी से बहुत मुनाफा कमाया। मुनाफाखोरी कराई। जनता महंगाई के बोझ से कराहती रही। सरकार अपना और अपने लोगों की तिजोरी भरती रही। जनता भाजपा सरकार को समझ गई है। ए पहले टैक्स बढ़ाकर ज्यादा जीएसटी ले रहे थे। अब कम करने का ढिढ़ोंरा पीट रहे हैं। सरकार ने जनता पर भारी टैक्स का बोझ क्यों डाला था।

# भ्रूण हत्याः कन्याओं के मोक्ष के लिए अरैल संगम मे श्राद्ध तर्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के नैनी और संगम पर भ्रूण हत्या में मारी गई कन्याओं के मोक्ष के लिए प्रयागराज के अरैल संगम तट पर श्राद्ध में मारी गई कन्याओं का श्राद्ध और तर्पण नहीं होता है। लेकिन ऐसे में प्रयागराज के अरैल संगम तट पर ऐसी अजन्मी बच्चियों के लिए तर्पण किया गया।

पितृपक्ष का समय चल रहा है इन दिनों लोग अपने पूर्वजो की आत्मा की शांति के लिए लगातार पिंड दान कर रहे है। पितरों को मोक्ष मिले इसलिए पंडितों को दान दे रहे है। लेकिन प्रयागराज के अरैल संगम तट पर एक इंसान सरदार पतविंदर सिंह ऐसा है जो गर्भ में मारी गई बेटियों का पिंड दान अपने सहयोगियों संजय श्रीवास्तव,बाबूजी यादव, रविंद्र सिंह राजपाल, चंद्रभान यादव, हरमनजी सिंह, दलजीत कौर जैसे स्वयंसेवकों के साथ किया। कन्या भ्रूण हत्या को समाज से मिटाने का संकल्प लिए हुए है। सरदार पतविंदर सिंह का कहना है कि लोग अपने पितरों का पिंडदान करते है पर इन्हे भूल जाते है कि वो भी इन्ही का हिस्सा थी इसलिए आज उन्हें याद करते हुए हम ये पिंड दान करते है और इसके साथ ही घाट में उपस्थित श्रद्धालुओं को ये संकल्प भी दिलवाते है की न भ्रूण हत्या करेंगे और न करने देंगे ये महापाप है।वहीं दूसरी तरफ लोगों की ऐसी अनोखी पहल भी बेटियों को बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।दरअसल कोख में ही कन्या होने की वजह से भ्रूण हत्या करने की वजह से बच्चियों की मौत होने की खबरें मीडिया में आती रहती है ऐसी अजन्मी बच्चियों के लिए श्राद्ध और तर्पण का आयोजन किया।

# श्रद्धांजलि अर्पित करने आगरा पहुंचे सीएम मोहन यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव ने रविवार को आगरा में फतेहपुर सीकरी के पास बाकंदा खास गांव में आरएसएस के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख ओम प्रकाश सिसौदिया के पिता को श्रद्धाजंलि अर्पित की। सिसौदिया के पिता जनक सिंह सिसौदिया का 11 सितम्बर को निधन हो गया था। मोहन यादव बाखंदा खास गांव में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। पहले गांव के बाहर बनी स्मृति स्थल पर गए और वहां पुष्प अर्पित किए। स्मृति स्थल के पास ही वृक्षारोपण किया।

# आर्थिक बदहाली का शिकार हैं रेलवे की पहचान 'कुली'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** दशकों तक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की जरुरत और पहचान समझे जाने वाले 'कुलियों' की हालत आधुनिक परिवेश में पतली होती जा रही है।

पिछले 20 सालों में रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ने के साथ रेल यात्रियों की तादाद भी लगभग दो गुनी हो गई मगर पीढ़ी दर पीढ़ी यात्रियों के सामान की ढुलाई करने वाले कुलियों की आय में इस दौरान साल दर साल गिरावट ही आती गई, नतीजन उनके परिवार आर्थिक बदहाली का शिकार होकर रह गए हैं। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर हर रोज सैकड़ों ट्रेनों की आवाजाही होती है। दस प्लेटफार्म वाले इस स्टेशन पर यात्री बोझ को देखते हुए यहां से कई रेलगाड़ियों को गो. विंदपुरी, अनवरगंज और पनकीधाम रेलवे स्टेशनों पर शिफ्ट किया गया है। एक अनुमान के मुता. बिक पिछले दो दशकों में कानपुर सेंट्रल पर यात्री बोझ में करीब 40 फीसदी का इजाफा हुआ है जबकि यात्रियों की सेवा में कार्यरत कुलियों की संख्या वर्ष 2008 की तुलना में लगभग 35 फीसदी कम हुयी है और कुलियों की आय में 70 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। इसका कारण ट्राली बैग और विकलांग और बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए लगायी गए इलेक्ट्रिक वाहन है जिन पर माल ढुलाई का क्रम जारी है। कानपुर सेंट्रल पर इस समय 247 कुली दिन रात यात्रियों की बॉट जोहते हैं। लाल वर्दी और पीला बिल्ला लगाये कुली ट्रेन के प्लेटफार्म को छूने के साथ ही स्लीपर और विशेषकर एसी कोच के आगे सामान ढोने की आस में खड़े हो जाते हैं मगर अधिकतर मौकों में उन्हे निराशा हाथ लगती है जब यात्री अपना ट्राली बैग खुद ही चलाते हुए निकल जाते है वहीं ज्यादा सामान वाले यात्रियों के लिए कार्ट मौजूद रहती है जिनका काम वैसे तो विकलांग और बुजुर्ग यात्रियों को सेवा प्रदान करना होता है मगर स्टेशन प्रशासन की मिलीभगत से इन कार्टो का उपयोग माल ढुलाई पर हो रहा है। स्टेशन पर मौजूद कुली विजय सिंह और शेर सिंह ने बुझे मन से 'यूनीवार्ता' से बातचीत में अपना दर्द बयां किया। विजय ने कहा ष उनके परिवार में पत्नी माता पिता और दो छोटे बच्चे हैं जिनकी देखभाल करनी मुश्किल होती जा रही है। वर्ष 2000 जब पिता का बिल्ला उनको मिला था तो हर रोज की कमाई 400-500 रुपये हो जाती थी और 25 वर्ष बाद यह आय घट कर प्रतिदिन 100-150 रुपये रह गई है।

कई बार ऐसा भी होता है जब उन्हे एक भी यात्री सेवा का मौका नहीं देता। शेर सिंह ने कहा कि वर्ष 2008 में कानपुर सेंट्रल में 402 कुली थे जिनमें 225 कुलियों को रेलवे ने गैंगमैन की नौकरी दे दी थी मगर उसके बाद से स्टेशन पर पौने दो सौ के आसपास कुली रह गए थे। बाद में कुछ नये कुली आये और अब यहां कुलियों की संख्या 247 है मगर इनमें से कई कुली प्लेटफार्म पर आते भी नहीं है क्योंकि यहां सारा दिन ट्रेन के साथ साथ प्लेटफार्म पर दौड़ लगाना और निराश होना आम बात हो गई है। विजय ने कहा कि रेलवे को कुलियों की जीविका के बारे में विचार करना चाहिए, आखिर हम दशकों से रेलवे के विशाल परिवार का अहम हिस्सा हैं और पूरी मेहनत और लगन के साथ यात्रियों की सेवा करने में तत्पर रहे हैं। रेलवे को यदि हमें समायोजित करने में परेशानी है तो कम से कम वह हमारा न्यूनतम मानदेय तो निर्धारित कर दे ताकि हमारा परिवार भी सम्मानजनक तरीके से जीवन यापन कर सके। माथे पर अगिनत पसीने की बूंदे लिए भरभरायी आवाज में विजय और शेर सिंह ने कहा कि अब हम अपने बच्चों को कुली के पेशे में लाने की गलती नहीं करेंगे। उन्हे पढ़ा लिखा कर किसी और रोजगार में लगाएंगे। हम पाई पाई को मो. हताज हैं।

# दुल्हन की तरह सजा मां शीतला चौकियां धाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर जौनपुर जिले में मां शीतला चौकियां धाम सज चुका है। नारियल, चुनरी, माला, फूल, सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें सजाई संवारी जा रही हैं। रंगबिरंगी चुनरी, आकर्षण झालर, लाइट से सजी संवरी सभी दुकानें दुल्हन की तरह नज़र आ रही हैं। पूरा चौकिया धाम दुल्हन की तरह सजा हुआ है।

मन्दिर के महंत विवेकानंद पंडा ने बताया कि शारदीय नवरात्र के पूर्व मंदिर की साफ़ सफ़ाई एवं रंगरोगन का कार्य पूर्ण हो चुका है। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर क्षेत्र में 16 सीसीटीवी कैमरे सुरक्षित कर लिए गए हैं। मन्दिर के बगल में ही कंट्रोल रूम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार की भोर में चार बजे मन्दिर के कपाट खुलने के बाद मां माता रानी का प्रातः कालीन मंगला आरती पूजन किया जाएगा।

दोपहर 3 बजे भोग आरती पूजन किया जाएगा। रात्रि 9 बजकर 30 मिनट पर शयन आरती पूजन करने के पश्चात 10 बजे मन्दिर के कपाट बंद हो जाएंगे। दर्शनार्थी समय का ध्यान रखें। दूरदराज से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पूर्ववत वाहन पार्किंग के सुविधा के लिए जौनपुर भंडारी स्टेशन, रोडवेज बस स्टॉप से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पश्चिमी गेट के पास पार्किंग की व्यस्था की गई है। पूर्वी मार्ग आजमगढ़ गोरखपुर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पूर्वी छोर पर वाहन पार्किंग की व्यस्था की गई है जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मन्दिर समिति की ओर से दर्शनार्थियों के लिए जगह जगह दिशा निर्देश और सुरक्षा के लिए पोस्टर बैनर लगाए गए हैं। यात्रियों से विशेष अनुरोध है कि दिए गए निर्देशों का पालन करें। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए नवरात्र पर भारी संख्या में सुरक्षा बल को तैनात किया गया है इसके साथ ही मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं जो मौके पर हमेशा उपस्थित रहेंगे। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर क्षेत्र में मेटल डिक्टेटर लगाया जाएगा एवं पुलिस पीएसी बल मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में भारी संख्या में महिला पुलिस को भी वर्दी और साधे में भी तैनात किया गया है।

# जौनपुर में 162 कछुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में खेतासराय पुलिस टीम ने 162 कछुआ के साथ 02 अन्तर्राज्यीय पेशेवर वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया।

बरामद कछुआ की कीमत करीब 06 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि जिले में अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर प्रतिबन्धित वन्यजीव (कछुए) को तस्करी हेतु पश्चिम बंगाल लेकर जा रहे अन्तर्राज्यीय पेशेवर वन्य जीव तस्करों अपराधी मोतीलाल पुत्र हजारी निवासी परवेजपुर, बलरामपुर (डोमाडीह) थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी, और ममता पत्नी मोतीलाल निवासी परवेजपुर, बलरामपुर (डोमाडीह) थाना जगदीशपुर अमेठी को 04 पिठू बैंग (प्रत्येक में 15 कुल 60 अदद बेश कीमती कछुओ) के साथ रेलवे स्टेशन खेतासराय के पास से आज गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से कड़ाई से बरामद कछुओं के बारे मे पूछा गया तो बताये कि वार्ड नं0-07 कासिमपुर नगर पंचायत खेतासराय में अपने मालिक मुस्ताक पुत्र एकलाख के घर से कछुआ लेकर आ रहे है और भी कछुए वहां पर है। जिसके क्रम मे गिरफ्तार अभियुक्तगणों के साथ मुस्ताक उपरोक्त के घर आकर तलाशी ली गई तो 13 बोरे मे कछुओं के खाल तथा घर के अन्दर बने अन्डरग्राउन्ड मे पानी में छिपा कर रखे गए 102 जिन्दा कछुआं बरामद किया गया। मकान मालिक अभियुक्त मुस्ताक पुत्र एकलाख उपरोक्त मौके से फरार हो गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचना दी गई हैं।

# गड्ढे में भरे पानी में डूबने से तीन बच्चियों की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के चित्तौरा मसीहाबाद ग्राम के पास एक निर्माणाधीन पुल के गड्ढे में डूबने से तीन चचेरी बहनों की मौत हो गई। मृतक बच्चियों की पहचान विद्यानसी, दिव्या और लक्ष्मी के रूप में हुई है। तीनों बच्चियों की उम्र सात वर्ष बताई जा रही है। बच्चियों के चाचा सुरेश कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके लिए गड्ढा खोदा गया था। दुर्भाग्यवश, गड्ढे में पानी भरा हुआ था। तीनों बहनें गड्ढे के पास खेल रही थीं, तभी वे उसमें गिर गईं और डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

# राज्यपाल ने मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बन्धित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सर्किट, सहारनपुर में मां शाकुम्भरी विश्व. विद्यालय, सहारनपुर से सम्बन्धित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं समन्वयकों द्वारा अपने-अपने विभागों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई, जिसमें वित्त विभाग, अभियन्त्रण विभाग, परीक्षा विभाग, गोपनीय विभाग, प्रशासन विभाग, सम्बद्धता विभाग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020), आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी), राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी), बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), समर्थ पोर्टल, स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं), अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एडीईपी), पीएम-यूएसएचए, डिजीशक्ति, रोवर रेंजर, बाला सुन्दरी केन्द्र महिला केन्द्र, शोध, क्रीड़ा गति. विधि, शैक्षणिक आधार एवं विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय स्तर पर किए गए एमओयू पर विस्तार से चर्चा की गई। कुलाधिपति ने विशेष रूप से आईक्यूएसी , एनएएसी , महिला संशक्तीकरण, महिला सम्मेलन, पौधारोपण, महिलाओं को शिक्षा, दहेज प्रथा, बाल विवाह एवं शिक्षकों को बच्चों को भ्रमण पर ले जाने के लिए विश्वविद्यालय व सम्बद्ध कालेजों को निर्देश प्रदान किए गए। समीक्षा बैठक में विश्व. विद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियन्त्रक, जिलाधिकारी सहारनपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीकक्ष सहारनपुर, विश्वविद्यालय निर्माणदायी संस्थाओं के ठेकेदार एवं विश्व. विद्यालय के समन्वयक , नोडल , शिक्षणगण अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# बहराइच में दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी को नानपारा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो पशु तस्कर भागने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए स्थान की ओर रवाना किया गया। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्तियों को आते देखा और उन्हें रोकने का प्रयास किया। मोटरसाइकिल सवारों ने पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की, जिससे पुलिस ने हिकमत अमली से बचाव किया।

# महिला मिशन शक्ति फेस-5.0 का शुभारम्भ

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर बाइक रैली का आयोजन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मिशन शक्ति फेस-5.0 के अन्तर्गत जागरूकता बाइक रैली की शुरुआत की गई। इस अवसर पर डीसीपी यातायात, डॉ0 प्रवीण रंजन, अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा, शुभारम्भ के अवसर पर महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को जन-जन तक पहुँचाने हेतु गठित स्वयं सिद्धा टीम द्वारा एक विशेष बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जीआईपी मॉल, नोएडा से प्रारम्भ होकर सेक्टर-21ए स्थित नोएडा



स्टेडियम तक पहुँची। रैली में बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी, स्वयं सिद्धा टीम की सदस्याएँ एवं एण्टी रोमियों टीम, पीआरवी टीम सम्मिलित हुईं। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने "नारी शक्ति - नारी सुरक्षा" का संदेश देते हुए आमजन को जागरूक किया। इस आयोजन का उद्देश्य केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त और जागरूक बनाना है।

## दादरी में 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण होगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित बादलपुर में 14 करोड़ रुपए की लागत से 33 केवी बिजली सब स्टेशन का निर्माण होगा। बिजली विभाग ने यह निर्णय बढ़ती आबादी और क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए लिया है।

इस सब स्टेशन से अच्छेजा और सादोपुर क्षेत्र के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या है। गर्मी के मौसम में कई बार दो-दो दिनों तक बिजली नहीं आने से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है।

स्थिति इतनी विकट हो गई थी कि स्थानीय निवासियों ने कई बार विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने सब स्टेशन पर धरना दिया और मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया और अधिकारियों को बंधक बना लिया। अब इस नए सब स्टेशन की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा।

# ट्रेड शो से पहले नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को चमकाने का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इस सप्ताह 25 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो शुरू होने जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई विद. ेशी वीवीआईपी भी शिरकत करेंगे। इसके देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को चमकाने का काम शुरू कर दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी व कालिंदी कुंज से लेकर एक्सप्रेसवे के करीब 20 किलोमीटर दायर में मरम्मत व सजावट से संबंधित काम शुरू करा दिए गए हैं। इन्हीं तीनों मुख्य रास्तों से वीवीआईपी दिल्ली से नोएडा होते हुए ग्रेनो के एक्सपो मार्ट में शुरू होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहुंचेंगे।

> चिल्ला बॉर्डर से लेकर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर मरम्मत, पेंटिंग समेत अन्य काम कराए जा रहे हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से पहले सभी संबंधित काम पूरे कर लिए जाएंगे।
>
> **डॉ लोकेश एम, सीईओ, नोएडा प्राधिकरण**

कार्यक्रम स्थल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में आता है। ऐसे में एक्सपो मार्ट के आसपास संबंधित काम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण करा रहा है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों बताया कि पूरे एक्सप्रेसवे और सर्विस रोड, जहां पर भी सड़क टूटी हुई है, उसको ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। फुटपाथ और सेंट्रल वर्जपर पेंट कराया जा रहा है। एक्सप्रेसवे की सेंट्रल वर्ज पर पौधे लगाए जा रहे हैं। जगह-जगह नए गमलों को रखने का काम कल से शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि खराब स्ट्रीट लाइटों को भी बदलने का काम शुरू कर दिया गया है। आने-जाने वाले दोनों रास्तों पर एक-एक लाइट को चेक किया जा रहा है। इसके अलावा एक्सप्रेसवे पर जो यूनिपोल व आईटीएमएस के पोल लगे हुए हैं, उनके भी नट-बोल्ट जांचे जा रहे हैं। सेक्टर-14ए नोएडा प्रवेश द्वार को खासतौर से सजाया जा रहा है। एक्सप्रेसवे को चमकाने से संबंधित काम की प्रगति जानने के लिए रोजाना नोएडा प्राधिकरण के अलग-अलग विभाग के अधिकारी जायजा ले रहे हैं। सीईओ डॉ लोक. ेश एम भी दो बाद एक्सप्रेसवे का दौरा कर चुके हैं।

# 18 किलोमीटर की नई सड़क, जाम का झाम होगा खत्म, 24 करोड़ आएगा खर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-145 सेक्टर को विकसित करने जा रही है। ये सेक्टर आवासीय सेक्टर है. जिसमें पार्क, रोड , ग्रीन बेल्ट , सीवर , ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इस सेक्टर में 2000 से ज्यादा 5 प्रतिशत के भूखंड है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर-145 में करीब 18 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने का काम अगले महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा। इस सड़क के बनने से लोगों को आवागमन करने में सुविधा होगी. नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने के लिए पिछले महीने टेंडर जारी किया गया था। इस टेंडर की तकनीकी बिड खुली चुकी है. अब फाइनेंशियल बिड खोली जानी है।

**जल्दी पूरे होंगे काम:** नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के मुताबिक आने वाले एक सप्ताह में फाइनेंशियल बिड खोल दी जाएगी. जो एजेंसी सबसे कम रेट देगी, उसको सड़क बनाने का जिम्मा दिया जाएगा। यह प्रक्रिया फाइनेंशियल बिड खुलने के अगले 15-20 दिन में पूरी कर ली जाएगी। 18 किलोमीटर लंबी इस सड़क को बनाने में 24 करोड़ रुपये के आसपास खर्च किया जाएगा. माना जा रहा कि काम शुरू होने पर अगले चार-पांच महीने में सड़क बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

**प्राधिकरण ने 31 साल बाद जमीन पर लिया था कब्जा :** सेक्टर-145 में जिस जमीन पर अब प्राधिकरण सड़क बनाने और अन्य काम करने जा रहा है, पहले इस पर लोगों ने कब्जा कर रखा था। इस साल जून में अथॉरिटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 31 हेक्टेयर जमीन से कब्जा हटाया था।

**किसानों को पांच प्रतिशत भूखंड दिए जाने का प्रस्ताव:** यहां पर 2200 से ज्यादा किसानों को पांच प्रतिशत के भूखंड दिए जाने प्रस्तावित हैं. किसान काफी समय से जमीन अधिग्रहण के बदले मिलने वाले पांच प्रतिशत भूखंड की मांग कर रहे हैं। इस जमीन से संबंधित केस का निर्णय नोएडा प्राधिकरण के पक्ष में आया था।

**नाला बनाने के लिए कितना बजट?:** नाला बनाने के लिए करीब 63 करोड़ रुपये की लागत आएगी. सीवेज पंपिंग स्टेशन बनेंगेअधिकारियों ने बताया कि सड़क और नाले के अलावा सीवेज पंपिंग स्टेशन व लाइन भी बिछाई जानी प्रस्तावित है। इस काम पर 9 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत आएगी. इसके अलावा बिजली विभाग से जुड़े काम, खंभे लगाने, स्ट्रीट लाइटें लगाने, समेत अन्य काम पर करीब 14 करोड़ रुपये का खर्च करने का अनुमान है।

## सोसाइटी में पानी की आपूर्ति बाधित, टैंकर के भरोसे निवासी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसाइटी में जलापूर्ति बाधित होने से निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। निवा. सियों का आरोप है कि सोसाइटी में शनिवार को करीब तीन बार पानी की आपूर्ति कई घंटों तक बाधित रही। रात में पानी के टैंकर भी मंगाए गए। उसके बाद भी सभी घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी।

निवासी विशाल ने बताया कि सोसाइटी में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे जलापूर्ति बाधित हुई। जब लोगों के घरों में पानी खत्म होना शुरू हुआ तो उन्होंने बिल्डर प्रबंधन से शिकायत की। करीब 3 बजे दोबारा से लोगों के घरों में पानी आया, जो थोड़ी देर बाद ही आना बंद हो गया। छुट्टी दिन होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम को दोबारा से जल की आपूर्ति शुरू की गई, जो फिर से थोड़ी देर बाद बंद हो गई। इस तरह रात में बिल्डर प्रबंध द्वारा पानी के टैंकर मंगाकर अंडरग्राउंड वाटर टैंक को भरा गया, लेकिन उससे लोगों की पूर्ति नहीं पड़ी। आरोप है कि लगातार हो रही पानी की समस्या से उन्हें परेशानी होती है। सोमवार से नवरात्रि का त्योहार शुरू हो रहा है। वहीं,निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में पिछले तीन महीने से पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोजाना दो से तीन घंटे तक जलापूर्ति बाधित हो जाती है, जिसके लोगों को परेशानी हो रही है। लगातार बिल्डर प्रबंधन शिकायत करने पर प्राधिकरण की सप्लाई में कमी का हवाला दिया जाता है।

# मशरूम मंगाया... बाउल में निकला चिकन

## युवक ने ऑनलाइन फूड किया था ऑर्डर -बोला- मैं शुद्ध शाकाहारी, मुझे नॉनवेज खिला दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक युवक ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप से वेज फूड ऑर्डर किया। वेज से जगह उसे नॉनवेज खाना मिला। युवक का कहना है कि उसने ऑनलाइन डिलीवरी फूड एप के माध्यम से वेज मशरूम राइस बाउल मंगाया था।

हर बार की तरह इस बार भी मैंने ऑर्डर के आते ही खाना शुरू कर दिया। पहली बाइट खाने पर पता चला कि खाना नॉनवेज है। जबकि मैं शुद्ध शाकाहारी हूं। मेरा विश्वास टूट गया। मैंने जब पैकेट चेक किया तो उसमें एक पर्ची में मशरूम राइस लिखा था। तो दूसरी पर्ची में नॉनवेज राइस बाउल लिखा था। मैंने पुलिस में शिकायत की है। साथ ही फूड डिपार्टमेंट को भी जानकारी भेजी है।

सेक्टर डेल्टा-2 में रहने वाले संदीप ने 20 सितंबर को जोमैटो फूड डिलीवरी एप से केलिफोर्निया बरिटो से डाइट मशरूम मंगाया। खाने के दौरान उन्हें कुछ अलग सा महसूस हुआ। फिर मैंने अपने दोस्त को बुलाया। उसे चेक कराया तो पता चला कि मशरूम की जगह चिकन डिश है। फिर हमने ऑर्डर वाले बैग को देखा। तो उसमें दो पर्चियां पड़ी थी। एक में मशरूम बाउल लिखा था, तो दूसरी पर्ची में चिकन लगा था। ये देखते ही मैं दंग रह गया कि मैंने सही में नॉनवेज खा लिया। अब क्या होगा। मैं कैसे खुद को साफ करूं।



संदीप ने कहा- मैं शुद्ध शाक. ाहारी हूं। आज तक मैंने नॉनवेज तो छोड़ो, अंडा तक नहीं खाया है। मैं जिम करता हूं, तो मैं रेगुलर डाइट मशरूम खाता है और टाइमली लेता हूं। अधिकतर मैं ऑनलाइन फूड मंगाता हूं। पहले भी कई बार इसी रेस्टोरेंट से मशरूम मंगवा चुका हूं।

लेकिन इस बार मुझे बहुत दुख पहुंचा। मुझे धोखे से नॉनवेज खिलाया गया। मेरा धर्म भ्रष्ट हो गया। अब मैं क्या करूं। मुझे नॉनवेज खाने का बहुत कष्ट हुआ। इस तरह के रेस्टोरेंट और ऐप पर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है।

**मेरी धार्मिक आस्था से खिलवाड़ किया:** मेरी धार्मिक से आस्था से खिलवाड़ किया गया है. मैंने पुलिस में शिकायत की है। साथ ही फूड डिपार्टमेंट को भी जानकारी भेजी है। जोमैटो और रेस्टोरेंट से इस मामले में संपर्क किया गया, लेकिन अभी तक कोई रिएक्शन नहीं मिला।

संदीप ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने रेस्टोरेंट और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग को भी इसकी जानक. ारी दी जाएगी। संदीप ने इस गलती के लिए उचित कार्रवाई की मांग की है। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया- इस मामले में युवक से जानकारी ली जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** आज थाना बीटा 2 क्षेत्रान्तर्गत बुलेटमोटर साइकिल पर निजी विश्वविद्यालय के तीन छात्र सवार थे जिनके नाम सागर पुत्र संजय सागर निवासी पंचवटी कॉलोनी गाजियाबाद उम्र लगभग 19 वर्ष, कुश पुत्र रामकुमार उपाध्याय निवासी खुदुरा थाना घमौर जिला गाजीपुर उम्र 21 वर्ष, समर्थ पुंडीर पुत्र सुनील पुंडीर निवासी सैटेलाइट कॉलोनी बरेली उम्र 18 वर्ष खाना खाने जा रहे थे, जिनकी चुहरपुर अंडरपास के पास सडक पर पेड़ो को पानी लगाते धीरे धीरे चल रहे पानी के भरे टैंकर से उनकी बाइक टकरा गई, और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सकों ने स्वयं सागर व कुश को मृत घोषित कर दिया गया तथा समर्थ पुंडीर गंभीर अवस्था में अन्य दूसरे निजी हॉस्पिटल रेफर किया गया जहाँ पर उसकी भी मृत्यु हो गई है, मृतको के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मृतकों के परिजन मौके पर मौजूद है।

### चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सोनू शर्मा बुलंदशहर के वीर खेड़ा गांव का रहने वाला है। वह परिवार के साथ कोतवाली दादरी क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में किराये के मकान में रहता है। बाजारों में फेरी लगाने का काम करता है। उसका पत्नी चंचल से कई माह से गलत चाल चलन के चलते विवाद चल रहा था। रविवार सुबह 4 बजे के करीब चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी।

### घर में झांकने का विरोध किया तो लाठी-डंडों से पीटा, चार गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के छिजारसी गांव में एक व्यक्ति को गांव निवासी युवक के झांकने का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मकान मालिक के दो पुत्रों का आईसीयू में उपचार चल रहा है। छिजारसी गांव निवासी पवन कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर की रात करीब 12 बजे उनके घर में गांव निवासी मनीष चोरी के इरादे से ताक-झांक करने लगा। किराएदार निशांत द्वारा विरोध करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज करने लगा। तभी पास में बैठा शिकायतकर्ता का बड़ा बेटा शुभम शर्मा बीच-बचाव कराने लगा। आरोपी ने मनीष ने उसे धमकी दी और चला गया। थोड़ी देर बाद किराएदार निशांत ने शिकायतकर्ता के छोटे पुत्र प्रियम के पास फोन करके बताया कि कुछ लोग घर पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर झगड़ा कर रहे हैं। प्रियम वहां पहुंचा और उसने देखा कि लोग उसके बड़े भाई शुभम और किराएदार निशांत को लाठी-डंडों, रॉड और ईंट से पीट रहे थे। मौके पर आरोपी मनीष, दानिश, मोहित प्रजापति, अमरजीत और पंकज के अलावा अन्य लोग शामिल थे। प्रियम ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। इसके चलते दोनों भाईयों और किराएदार को गंभीर चोट आई हैं। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों के आते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित के मुताबिक, उनके दोनों पुत्र का आईसीयू में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरो. पियों में मनीष यादव, मोहित प्रजापति, अमरजीत और पंकज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### विधायक ने जनता की समस्याएं सुनीं

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में दादरी विधायक तेजपाल नागर ने रविवार को ईटा स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। छुट्टी का दिन होने के कारण सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

विधायक कार्यालय में ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट बिसरख क्षेत्र के निवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। तेजपाल नागर ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि जनता से जुड़ना उनके कार्य का मूल मंत्र है। उन्होंने जनसंपर्क और जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## पांच महीने में ही टूटी सेक्टर-62 गोलचक्कर की सड़क

**नोएडा।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लगे सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर करीब पांच महीने पहले बनाई सड़क की रोड़ी उखड़ गईं। यहां गोलचक्कर छोटा कर सड़क बनाई गई थी। सड़क की गुणवत्ता को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं। यह सड़क नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल ने बनवाई थी। यह गोलचक्कर बड़ा होने से यहां अक्सर जाम लगता था। एक्सप्रेसवे से नोएडा शहर में आते व जाते समय यहां वाहन फंसते थे। इसकी वजह यह भी थी कि यहां ऑटो व ई-रिक्शा वालों का जमघट भी लगता है। जाम में कमी लाने के लिए गोलचक्कर को छोटा किया गया था।

गोलचक्कर छोटा कर चारों ओर नए सिरे से सड़क बनाई गई थी। इस सड़क को बने हुए करीब पांच महीने का समय हो चुका है। अब इस सड़क की रोड़ी उखड़ने लगी हैं। इससे यहां अब काफी धूल भी उड़ने लगी है। लोग परेशानियां उठाते हुए गोलचक्कर से निकल रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। सेक्टर-77 प्रतीक विस्टीरिया सोसाइटी में रहने वाले अमित गुप्ता ने कहा कि सड़क की कंक्रीट करीब चार-पांच साल तक खराब नहीं होती है। यहां चार-पांच महीने में खराब होने लगी।

# मंदिर से लेकर घरों में विराजमान होगी मां दुर्गा की प्रतिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज शहर में मंदिर से लेकर लोगों के घरों तक में मां दुर्गा और कलश की स्थापना होगी। इसके लिए मंदिरों लेकर घरों में साफ-सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। मंदिरों में फूल-माला और रंग-बिरंगी लाइट से सजाया जा रहा है। सोमवार को नवरात्र के पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चाना की जाएगी। आचार्य पंडित प्रकाश जोशी ने बताया कि मां दुर्गा को समर्पित नौ दिनों का पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहे हैं। इस साल का शारदीय नवरात्र 10 दिनों के है। पूजा के पहले दिन कशल स्थाना का शुभ मुहूर्त सुबह छह बजकर नौ मिनट से लेकर सुबह आठ बजकर छह मिनट तक है।

इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट के मध्य भी कलश स्थापना कर सकते हैं। पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा होगी। फिर दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी। उन्होंने बताया कि उदय कालिक मान्यताओं के अनुसार कुछ भक्त तीसरे नवरात्र को दो दिन मान रहे हैं और वहीं कुछ भक्त चौथे



नवरात्र को दो दिन मान रहे हैं। उन्होंने बताया की 25 की सूर्य उदय के बाद चतुर्थी का समय शुरू हो रहा है। इसके बाद 26 की रात तक चतुर्थी है। ऐसे में चतुर्थी दो दिन पड़ रही है। वहीं सेक्टर-40 शक्ति धाम मंदिर के आचार्य ज्ञान प्रकाश ने बताया कि मंदिर को फूल-मालाओं से सजा दिया गया है। मंदिर में शाम के समय महाआरती होगी। फिर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद कीर्तन होगा। भक्तों की सुविधा अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी लगाए गए है। अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों के लिए व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई है। इसी तरह सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में भी सभी तैयारियां कर ली गई है। मंदिर को फूल-माला और रंगबिरंगी लाइट से सजाया गया। इसी तरह सेक्टर-2 लाल मंदिर, सेक्टर-56 लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेक्टर-40 समाधन मंदिर, सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर समेत शहर के तमाम मंदिर सजाए गए है। पूजा की सामंग्री खरीदने की बाजार में भी रही भीड़ शहर के बाजारों में रविवार को पूजा की दुकानों पर काफी भीड़ रही। लोगों ने पूजा की सामंग्री की खरीदारी की। इसमें चुनरी, कलश, नारियल, दुर्गा प्रतिमाएं, लौं, इलाइची, अगरबत्ती व धूपबत्ती समेत तमाम सामंग्री की खरीदारी करते रहे। शहर के भंगेल, सलारपुर, चौड़ा, छलेरा, अटटा व निठारी तमाम बाजारों में पूजा की सामंग्री खरीदने की भीड़ रही।

# ई-साइकिल योजना फेल! 62 डॉक स्टेशन जमींदोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ई-साइकिल योजना महज कागजों तक ही सीमित रह गई। इस योजना की शुरुआत साल 2021 में शहर के लोकल ट्रांसपोर्टेशन को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी।

इसके तहत विभिन्न कामर्शियल, औद्योगिक, संस्थागत और प्ज सेक्टर की सड़कों पर 62 डॉक स्टेशन बनाए गए। हरएक स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया था कि उसमें आसानी से10 ई-साइकिल आराम से खड़ी की जा सके लेकिन, 5 साल बीत जाने के बावजूद यह योजना पूरी तरह विफल साबित हुई। केवल जमीन घेरने का साधन बनकर डॉक स्टेशन रह गए।

**दो करोड़ रुपयों का आया था खर्चा:** बताया जा रहा है कि इन डॉक स्टेशनों के निर्माण में लगभग 2 करोड़ रुपयों का खर्चा किया गया था। ई-साइकिल चार्जिंग के लिए UPPCL से बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध कराया गया। यह योजना 2023 आते-आते ठप हो गई।

**घाटे का सौदा साबित हुए 62 डॉक स्टेशन:** विशेषज्ञों की माने तो नोएडा की जमीन बेहद कीमती है। कियोस्क जैसी योजनाओं से प्राधिकरण को हर साल यहां करोड़ों का राजस्व मिलता है। नोएडा की प्राइम लोक. ेशन पर बने 62 डॉक स्टेशन प्राधिकरण के लिए घाटे का सौदा साबित हुए। करीब 550 वर्गमीटर जमीन पर बने ये स्टेशन अन्य योजनाओं के लिए इस्तेमाल होते तो ना केवल राजस्व बढ़ता बल्कि स्थानीय लोगों को भी लाभ पहुंचता।

**लंबित रह गया मामला:** योजना की शुरुआत में दावा किया गया था कि इस योजना से करीब 1125 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। साइकिलें एक महीने भी नहीं चलने से ये टारगेट भी अधूरा रह गया। जानकारी के मुताबिक 5 साल तक एनटीसी विभाग ने केवल नोटिस जारी करने तक ही कार्रवाई सीमित रखी। कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू तो हुई, लेकिन हर बार कंपनी के निदेशक बदल दिए गए और मामला लंबित रह गया।

# युवती से बदसलूकी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में जिम करके लौट रहे युवकों के बीच हुई मारपीट की घटना के मामले में युवती की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर दूसरे पक्ष के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि, प्रोव्यो टेको सिटी सोसायटी का लो. केश 11 सितंबर की रात 10 बजे जिम करके घर लौट रहा था। उसने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी कि निंबस सोसायटी की मार्केट के पास खड़े 10 से 12 लड़कों ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे।

मामले में लोकेश ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बाविंदर, भारत व सचिन नाम के युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसके बाद एक युवती ने लोकेश के ऊपर बदतमीजी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दी। युवती का आरोप है कि लोकेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ बदतमीजी की थी। सचिन व उसके दोस्त बचाव में आए थे। लोकेश ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर सचिन व उसके साथियों के साथ मारपीट की थी। युवती ने लोकेश के साथ-साथ उसके साथी रकम, दीपांशु व आशीष के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए दीपांशु व आशीष को गिरफ्तार किया है। बीटा दो कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डीएम ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट सभागार में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ आयोजन है। इसे सफल बनाने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध व समन्वित तरीके से निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना हम सबकी प्राथमिकता है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप कार्य का निर्वहन सुनिश्चित करें। नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों द्वारा ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

होटल दरें निर्धारित दरों के अनुसार ही रहेंगी, जिसके लिए नोडल अधिकारी ग्रेटर नोएडा को जिम्मेदारी सौंपी गई। एआरटीओ को 100 बसों की सूची चालकों सहित उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, हैलीपैड का कार्य समय से पूर्ण करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई।

फायर सेफ्टी एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाएं संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। स्टेज एवं हैलीपैड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा ड्यूटी रोस्टर आदेश आज ही उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

ट्रैफिक विभाग ने यातायात व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिलाधिकारी द्वारा साइनेज की सूची उपलब्ध कराने, खराब वाहनों को हटाने हेतु प्वाइंट तय करने एवं जेसीबी-हाइड्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की उपलब्धता भी ट्रैफिक विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।



जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन हेतु जिला अभिहित अधिकारी को होटल, फूड स्टॉल एवं लाउंज में फूड सेफ्टी ऑफिसर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तथा नेटवर्क सुविधा रिलायंस एवं जियो के माध्यम से सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी, निवेशक, विदेशी प्रतिनिधि और आमजन इस आयोजन से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि मीडिया, सोशल मीडिया, होर्डिंग, पोस्टर, रेडियो एवं अन्य सभी माध्यमों के जरिए प्रचार-प्रसार अभियान को गति दी जाए, जिससे प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षमता की झलक देश-दुनिया तक पहुँचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले सभी आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करने पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में एसीओ ग्रेटर नोएडा श्रीलक्ष्मी, वंदना त्रिपाठी, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, एडीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला मनो. रंजन कर अधिकारी जेपी चन्द, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की श्वेता खुराना, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कंचन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार सहित विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत ईओ पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

- मुख्यमंत्री को भेजा गया शिकायत पत्र, मजिस्ट्रेट जांच की मांग
- अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने सारे आरोप को बताया निराधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर पर वित्तीय अनियमितताओं और मनमानी के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायत पत्र भेजकर मजिस्ट्रेट जांच की मांग की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ईओ ने टेंडरों और खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी कर लाखों रुपये का घोटाला किया है। बोर्ड की स्वीकृति के बिना ही कार्यालय में अस्थाई आवास की सजावट के नाम पर धनराशि खर्च की गई। नगर में पर्याप्त बिजली सप्लाई के बावजूद जनरेटर चलाने के नाम पर डीजल का भारी खर्च दर्शाया गया है। आरोप है कि ईओ सप्ताह में एक-दो दिन ही कार्यालय आते हैं और जनसुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं रहते। साथ ही सप्लाई टेंडरों में अपने चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने और बिना कार्य कराए कुटेशन के नाम पर लाखों रुपये का गोलमाल करने की भी शिकायत की गई है।

शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अधिशासी अधिकारी द्वारा अब तक किए गए सभी भुगतानों और कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति की जाए। अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सारे आरोप निराधार हैं।

# बुलेरो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र में एक बुलेरो कार ने मोटरसाइकिल सवार दम्पत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और शव को कब्जे में लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

रविवार को जिला पीलीभीत के थाना अमरिया के नैनी गांव निवासी द्रोपदी देवी उम्र लगभग 58 वर्ष अपने पति हीरोलाल की मोटरसाइकिल यूपी 26 ए एक्स 1838 से अपने मायके भागलपुर से घर जा रहे थी। ग्राम मुंडिया नसीर के पास एक तेज रफ्तार बुलेरो ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि द्रोपदी देवी की मौत हो गई, जबकि मृतका का पति घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हादसे में मृतका का पति घायल हो गया।

कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा जा रहा है, और अज्ञात बुलेरो गाड़ी की तलाश की जा रही है, जल्द ही अज्ञात बुलेरो गाड़ी को पकड़ा जाएगा।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की हुई मौत।

मिली जानकारी के अनुसार शुभम पुत्र बच्चू लाल निवासी ग्राम धरोरा फरीदपुर बाइक से अपने घर जा रहे था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के नजदीक ट्रक की चपेट में आने से शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक शुभम का शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया और ट्रक को थाना परिसर में खड़ा करा दिया बताया जा रहा कि मौका पाकर ट्रक चालक फरार हो गया।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला रोहनिया के युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ग्राम सकरस के जंगल में प्रधान के भाई का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। शव मिलने पर गांव में हड़कम्प मच गया, और ग्रामीण दौड़ते हुए मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को फंदे पर से उतरवाने के बाद जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे ग्राम सकरस के जंगल में एक युवक का शव आम के पेड़ पर फंदे से झूलता हुआ मिला। मृतक की पहचान ग्राम रोहनिया निवासी देवव्रत उम्र 27 वर्ष पुत्र चंद्रसेन के रूप में हुई। युवक का शव मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, और इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाने के बाद जांच पड़ताल की, और इस सम्बन्ध में ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस ने मृतक के घर सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

बताया जाता है कि मृतक रोहनिया के प्रधान कपिल देव शर्मा का सगा भाई है, और उसकी शादी हो चुकी है। कोतवाल संजय सिंह तोमर ने बताया कि मृतक के शव के पास से जहर की एक बोतल मिली है, और मृतक के मुंह से झाग भी निकल रहे थे।

मृतक की जेब से पुलिस को एक मोबाइल भी मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

# चित्रगुप्त धाम मंदिर पर पीएम मोदी के जन्मदिन पर हुआ विशेष पूजन व भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा स्थित भगवान चित्रकूट धाम मंदिर परिसर में विशेष पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन से हुआ। मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन के बीच भक्तिरस का अद्भुत वातावरण रहा। पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री शिवानंद चित्रगुप्त जी महाराज. कार्यक्रम का संयोजन अजय सक्सेना ने किया। सहसंयोजक के रूप में जीके श्रीवास्तव, प्रियंका सक्सेना, प्रेरणा सक्सेना, धीरेंद्र सिंह एवं अन्य भक्तगण सक्रिय रूप से मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेवा और विकास में अपना जीवन समर्पित किया है। उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

# नो एंट्री में घुसा ट्रक पोल से टकराया तार टूटकर सड़क पर गिरे ,बच गया हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के मोहल्ला नीम तले में ट्रक नो एंट्री में घुसकर बिजली के पोल से टकरा गया। ट्रक की टक्कर से बिजली के तार टूटकर सड़क पर गिर गए। संयोग से तार किसी राहगीर के ऊपर नहीं गिरे वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला नीम तले एक बिजली का पोल काफी समय से जर्जर हालत में खड़ा है। बिजली विभाग के आला अफसरों से कई बार शिकायतें भी की गई लेकिन जर्जर पोल को हटाने की आवश्यकता महसूस नहीं की गई। आज रात्रि करीब आठ बजे एक ट्रैक नो एंट्री में घुस गया और जर्जर पोल से टकरा गया।

ट्रक की टक्कर से हाइटेंशन के बिजली के तार टूटकर सड़क पर गिर गए। संयोग से तार किसी राहगीर पर नहीं गिरे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बिजलीघर पर सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

# अधिकारियों से शिकायत करने पर बौखलाया लाइनमैन

- बिजली विभाग के लाइनमैन पर अवैध वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले के बहेड़ी तहसील में बिजली विभाग के एक लाइनमैन पर अवैध वसूली का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता गांव गिरधरपुर निवासी सद्दाम हुसैन ने आरोप लगाया है कि लाइनमैन रामसिंह फेस बांधने, तार जोड़ने और नया विद्युत कनेक्शन कराने के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है।

जब शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित एडीएम (एफआर) व एसडीएम से की तो लाइनमैन ने शिकायतकर्ता को धमकी दी और कहा कि वह उसके कनेक्शन का लोड बढ़ाकर बिल गलत कराएगा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि लाइनमैन और मीटर रीडर की मिलीभगत से उसका बिल




गलत बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि छह महीने पहले उसका एक किलो वाट कनेक्शन का बिल डेढ़ लाख रुपये बना दिया गया था, जिसे सही कराने के लिए उसे कई चक्कर लगाने पड़े थे। उस बिल को सही करने के लिए अधिकारियों ने उसे बहुत परेशान किया था। पीड़ित ने बताया कि वह तो शाह टाइम्स अखबार में उसकी खबर प्रकाशित होने के बाद उसका बिल सही हुआ था। पीड़ित ने बताया कि अब फिर से पिछले तीन माह से उसका बिल बिना रिडिंग के बनाया गया है, जिसको वह जमा भी कर चुका है, और अब फिर पिछले माह का एक माह का बिल 5100 रूपये बना दिया गया है। इसमें भी लाइनमैन व मीटर रीडर का हाथ है। जबकि उसका हर माह एक माह का बिल 700 या 800 ही आता है, जिसकी शिकायत भी आला अधिकारियों से की जा चुकी है।

शिकायतकर्ता ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने कहा कि ऐसे लाइनमैन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो अपनी मनमानी कर रहे हैं और लोगों को परेशान कर रहे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। पीड़ित ने उम्मीद जताई है कि उच्च अधिकारी इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे और उसे न्याय मिलेगा।

# बरेली में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए भव्य बाइक रैली का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जनपद बरेली में एक भव्य जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी, बरेली अविनाश सिंह सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर बरेली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसने समाज के हर वर्ग तक नारी सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाया। रैली में महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी (नगर द्वितीय) सोनाली मिश्रा व अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारीगण ने बाइक रैली में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को और बल मिला।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है, जो महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत है।



पुलिस विभाग ने महिलाओं और बालिकाओं के प्रति अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। नागरिकों से अपील की गई कि वे आपात स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090, इमरजेंसी सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, 1930, 181, 102, 108, 101 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला पुलिस कर्मी पीड़िताओं को सम्मानजनक व्यवहार और त्वरित विधिक सहायता प्रदान करेंगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कल से शारदीय नवरात्रि आरम्भ हो रहें है, समस्त मंदिरों में युद्ध स्तर पर तैयारियां आरम्भ हो गयी हैं। मंदिरों में माताओं, बहनों, बेटियों को कोई दिक्कत न हो या उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो, इसी के दृष्टिगत महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5 का शुभारम्भ किया गया है, और आज ये बाइक रैली निकाली गयी है। इसके माध्यम से आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार होगा। अभियान के अंतर्गत महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल गाँवों, कस्बों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। आगामी दिनों में जनपद बरेली में मिशन शक्ति 5.0 के तहत नुक्कड़ नाटक, संवाद गोष्ठियाँ और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन प्रयासों से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चन्द्र मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मो. अकमल खान, क्षेत्राधिकारी (नगर द्वितीय) सोनाली मिश्रा, क्षेत्राधिकारी (हाईवे) शिवम आशुतोष और क्षेत्राधिकारी (नगर प्रथम) आशुतोष शिवम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुपोषण से बचाओं को लेकर किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आठवां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों, महिलाओं और किशोरियों को कुपोषण से बचाना है। इस अभियान का थीम बच्चों को मोटापा से बचाना, पोषण भी पढ़ाई भी, एक पेड़ मां के नाम, शिशु और छोटे बच्चों के पोषण की प्रथाएं, पुरुष की भागीदार सुनिश्चित करना है।

विकासखंड बहेड़ी में पोषण माह का आयोजन किया गया। तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी के हाथों 4 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई और 4 बच्चो का अन्न प्रसन्न किया गया। बहेड़ी परियोजना की आंगनबाड़ी के द्वारा विभागीय जागरूकता के लिए स्टॉल लगाया गया। जिसमें हरी पत्ते वाले सब्जियों के खाने के प्रति और मोटे अनाज के प्रति जागरूकता हेतु प्रदर्शन किया गया। विभागीय पुष्टाहार से स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए जागरूक किया गया। पोषण मटका के माध्यम से पोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार वर्मा बाल विकास परियोजना अधिकारी, राज. कुमारी मुख्य सेविका, राजकुमार बीसी, पुष्पा शर्मा, सुमन गुप्ता, अमरजीत, उर्मिला, पूनम, जया, मिटा, किरन, पारुल अधिकारी, रचना, यास्मीन आंगनबाड़ी उपस्थित रहीं।



# सत्रह लोगों का दल सफर ए मदीना के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे से आज सत्रह लोगों का एक दल मदीना के मुकद्दस सफर के लिए रवाना हुआ।

एक-एक कर लोग जुलूस के साथ आकर यहां मुख्यमार्ग पर इकठ्ठा हुए, और बाद में सफर पर रवाना होने वालों को हार फूल पहनाए और बुलंद आवाज से धार्मिक नारे लगाकर इस्तकबाल किया गया। टुअर ऑपरेटर मौलाना वशारत हुसैन की कयादत में जाने वाले इस दल का अनेक स्थानों पर जमकर स्वागत किया गया। पूर्व संध्या पर जाने वालों के दोस्त रिश्तेदार उनके घर जाकर उनसे मिले और अपने लिए दुआ की गुजारिश की।

महिलाओं की भी दल में खासी भागीदारी रही। उमरा करने को मदीना के सफर पर जाने वालों में कमर अब्बास जैदी, फीरोज हैदर, डा. रजा हैदर, इंतखाब हैदर आदि सहित सत्रह लोग शामिल रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

### सड़क से गुजर रही मूक बधिर किशोरी से युवक ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अपनी बहन और भाभी के साथ घर जा रही एक दलित मूक बधिर किशोरी से एक मुस्लिम युवक ने बीच सड़क पर छेड़छाड़ की। मूक बधिर किशोरी के जोर जोर से चीखने पर उसके पीछे चल रही उसकी बहन और भाभी ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया, गुस्साए लोगों ने उसकी जमकर पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के सुपर्द कर दिया।

कस्बे की एक दलित मूक बधिर किशोरी रविवार को अपनी बहन और भाभी के साथ कस्बे के बिजौरिया रोड से होकर अपने घर जा रही थी, मूक बधिर किशोरी आगे चल रही थी, जबकि उसकी भाभी और बहन उससे चंद कदम पीछे चल रही थी, कि रास्ते में एक मुस्लिम युवक ने मूक बधिर किशोरी का हाथ पकड़कर उससे अश्लील हरकतें की। वह उसका मुंह दबाकर खींच कर अपने साथ ले जाने लगा। किशोरी के जोर-जोर से चीखने पर पीछे आ रही उसकी भाभी और बहन उधर दौड़ी तो आरोपी भागने लगा। जिसपर उन दोनों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। उसकी इस हरकत से आक्रोशित राहगीरों ने उसकी जमकर पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की तहरीर किशोरी की बहन की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है।

### सेंथल में हो रहा जुआं पुलिस ने पकड़ा, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार की शाम हाफिजगंज पुलिस ने क्षेत्र के कस्बा सेंथल में हो रहा जुआ पकड़ा, पुलिस ने पकड़े गए सभी चारों जुआरियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मुखबिर से मिली सूचना पर थाने के उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ हाफिजगंज थाना क्षेत्र के कस्बा सेंथल के कब्रिस्तान वाले खेड़े पर छापा मारा, जिसमें पुलिस को चार युवक जुआ खेलते मिले, सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 4050 रुपए के साथ ही ताश के पत्ते बरामद किए। उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने जीशान मोहम्मद उर्फ बब्बू, आनन्द कुमार, बवलू और दीपक के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पुलिस कार्यवाही के डर से छेड़छाड़ के आरोपी से युवती का पंचायत ने कराया निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में एक छेड़छाड़ के आरोपी से युवती का निकाह करा दिया गया। शनिवार को ही पुलिस ने छेड़छाड़ के इस आरोपी की गिरफ्तारी को दबिश दी थी। बताया जाता है कि पुलिस कार्यवाही के डर से आरोपी युवक का युवती से निकाह कराया गया है।

गुजरी 17 सितम्बर को कस्बे के एक व्यक्ति ने बाजार रोड स्थित सलमान और उसके भाई शाहरूख के खिलाफ पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने और मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी को दबिश दे रही थी, शनिवार को भी पुलिस ने आरोपियों की दुकान से दविश दी थी, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए थे। पुलिस की कार्यवाही के डर से छेड़छाड़ के आरोपी पक्ष के लोगों ने पंचायत की, जिसमें शनिवार की रात में ही निकाह कराए जाने की कोशिश की गई, लेकिन समय अधिक हो जाने के कारण रात में दोनों का निकाह नहीं हो पाया था, रविवार को दोपहर में छेड़छाड़ के आरोपी का युवती से निकाह करा दिया गया। अब दोनों पति पत्नी बन गए। पहले छेड़छाड़ की अब बना पति, पंचायत द्वारा दोनों का निकाह कराए जाने को लेकर रविवार को सारे दिन यही चर्चा होती रही।

### नर्स ने इलाज के दौरान तोड़ा दम



**चलती कार से फेंकने वाला डॉक्टर गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ-दिल्ली हाइवे के जीरो पॉइंट के पास चलती कार से नग्न अवस्था में युवती को फेंकने वाले अस्पताल संचालक श्रीपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इधर रविवार सुबह जिंदगी और मौत के बीच जूझते हुए लड़की ने दम तोड़ दिया। इससे पहले पुलिस ने आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी से घटना में इस्तेमाल कार को भी बरामद कर लिया है।

बदायूं निवासी युवती ने एएनएम का कोर्स किया था। उसकी पहचान अनंतरूप हॉस्पिटल संचालक डॉ. श्रीपाल से थी और वह उसके अस्पताल में काम करती थी। इस बीच दोनों के बीच संबंध हो गए। श्रीपाल ने उसके साथ रूम में शादी कर ली। उसके बाद कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा तो उसने टालमटोल कर संजय नगर कॉलोनी में किराए का मकान दिला दिया। 16 सितंबर को युवती के पेट में दर्द हुआ, जिस पर कार से पहुंचे श्रीपाल ने उसे दो इंजेक्शन लगाए और उसे गाड़ी में बिठाकर हाईवे की तरफ ले गया, फिर उसने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर भारी सामान से वार किया और मरा समझ कर उसे रात 10 बजे हाईवे के किनारे फेंककर चला गया।

### कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाकर देश के माहौल को खराब करना चाहते हैं धीरेंद्र शास्त्रीः शहाबुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश कई कट्टरपंथी विचारधाराओं और आतंकवाद से जूझ रहा है।

कहीं माओवादी झारखंड और छत्तीसगढ़ में उत्पाद मचाते हैं, तो कहीं मणिपुर और असम में बोडोलैंड की मांग करने वाले उग्रवादी हमला कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कुछ मुस्लिम संगठन और चंद व्यक्ति भी कट्टरपंथी विचारधारा को फैलाकर देश के माहौल को खराब करना चाहते हैं।

वहीं पंडित धीरेंद्र शास्त्री कट्टरपंथी विचारधारा वाली महिलाओं की फौज तैयार करके देश में अफरातफरी का माहौल तैयार करना चाहते हैं, इससे देश का कोई भला होने वाला नहीं, बल्कि नुकसान ही होगा। मौलाना ने कहा कि हर व्यक्ति को चाहे वो हिन्दू हो या मुसलमान, अपने धर्म पर सख्ती के साथ कायम रहना चाहिए। कोई भी मजहब लोगों को आपस में लड़ना-झगड़ना नहीं सिखाता है और न ही धर्म इस बात की शिक्षा देता है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर ध्वजारोहण और माता की चौकी का भव्य आयोजन

- महाराजा अग्रसेन जयंती पर ध्वजारोहण और माता की चौकी का भव्य आयोजन
- अग्रबंधुओं की एकता और भक्ति से सजेगा महाराजा अग्रसेन जी की जयंती का पर्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नवरात्रि का शुभारंभ और भी खास होने जा रहा है, क्योंकि प्रथम दिवस पर श्री महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चंपा कुंवरी धर्मशाला, गांधी समाधि रोड पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जयंती के शुभ अवसर पर महाराज अग्रसेन जी का माल्यार्पण, ध्वजारोहण और भव्य माता की चौकी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में नगर और आसपास के क्षेत्रों से अग्रबंधु बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आस्था और एकता का परिचय देंगे। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से जगमगाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को उत्सव का दिव्य अनुभव मिल सके।

अध्यक्ष प्रवेश कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रि के प्रथम दिन अग्रसेन जयंती का आयोजन किया जाता है यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक संख्या में अग्रबंधु एकत्र होकर इस उत्सव की गरिमा को और बढ़ाएंगे।

महामंत्री डॉ अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को समानता, सहयोग और सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनकी जयंती पर हम सबको उनके आदर्शों को अपनाने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

मंत्री दीपक जिंदल ने कहा कि महारा. जा अग्रसेन जी का जीवन त्याग, सेवा और परोपकार का प्रतीक है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। जिस प्रकार महाराजा अग्रसेन जी ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर समानता का संदेश दिया, उसी तरह युवाओं को भी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

युवाओं की ऊर्जा और समर्पण ही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। इस भव्य आयोजन में शामिल होकर श्रद्धालु जहां महाराजा अग्रसेन जी को पुष्प अर्पित करेंगे, वहीं माता की चौकी में भजन-कीर्तन और मां की आराधना से वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

कहा जा सकता है कि नवरात्रि का शुभारंभ इस बार आस्था, संस्कृति और एकता के संगम के साथ होगा, जो रामपुर के इतिहास में एक यादगार पल बनकर दर्ज होगा। इस मौके पर संरक्षक प्रमोद कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार गर्ग, पवन कुमार जैन, विनोद कुमार अग्रवाल, महामंत्री अजय कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ सुमित कुमार गोयल, उपाध्यक्ष शरद कुमार गुप्ता, गिरिराज सरन, मंत्री ईश्वर शरण अग्रवाल, ऑडिटर सौरभ अग्रवाल, भंडार मंत्री सचिन कुमार सिंघल बाबू भाई आदि मौजूद रहे।

# रामगंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान व पितरों के लिए पिंडदान कर किया तर्पण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** रामगंगा नदी पर पितृ अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ भाड़ देखने को मिली बताते चले कि रविवार को रामगंगा नदी पर पितृ अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर अपने पितरों को प्रसन्न करने हेतु पिंड दान वस्त्र दान जल दान देकर पितरों के लिए पूजा अर्चना भी की। कहा जाता है कि इस दिन पितरों की बिदाई की जाती है इसलिए इसे पितृ विसर्जनी अमावस्या भी कहा जाता है वहीं इस दिन पितृ दोष शांति कराने का विधान है। इस दिन सभी लोग अपने पितरों को तर्पण आदि भी करते है गंगा पर लगे मेले में चाट पकोडी बच्चो के खेल खिलौने प्रसाद आदि की लगी दुकानों पर खरीददारो की भीड़ भाड़ बनी रही श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के नाम से जगह जगह भंडारे आदि का भी आयोजन किया।

# एक नफर वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1तारा चंद पुत्र दान सिंह निवासी हसनपुर थाना पटवई को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0आदर्श कुमार गुप्ता,का0मो0 संदीप कुमार, आदि मौजूद रहे।

# ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार और शहर अध्यक्ष बनें शाहिद एडवोकेट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** धमोरा में कांग्रेस केम्प कार्यालय पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार और शहर अध्यक्ष शाहिद अली एडवोकेट का पूर्व विधायक अफरोज अली खां, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने फूल मालाए पहनाकर उनका स्वागत किया।

कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल जय हिन्द ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्षों/शहर अध्यक्षों की नियुक्ति की सूची को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय और ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव की संस्तुति पर ओबीसी विभाग रामपुर का जिलाध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार और शहर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अली एडवोकेट को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला एवं शहर अध्यक्ष का स्वागत किया पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा देश के लिए जाति जनगणना जरूरी है ओबीसी की जाति जनगणना होनी चाहिए- ये कहने की हिम्मत सिर्फ राहुल गांधी ने दिखाई। इसलिए हम सभी को राहुल गांधी जी का साथ देना है। राहुल गांधी पिछड़ों-वंचितों का साथ देते हैं, उनका समर्थन करते हैं, उनके हक के लिए लड़तें हैं- ऐसे में आपको उनका साथ देना ही चाहिए। हम सब मिलकर देश के पिछड़ो, दलितों और अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ना है उनके अधिकारो के लिए मजबूती से लड़ना है सबको न्याय मिले इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।

इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र यदुवंशी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अकरम सुलतान, हसीब खां, जिवेन्द्र गंगवार, तसलीम खां, करन सिंह यादव, रियाज अहमद, आसीब खां, आरिफ अल्वी, रूपनारायण, नूर मोहम्मद, रहमान खां,सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा( रामपुर )।** पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग युवती के साथ गांव के ही रहने वाले युवक ने अपने साथियों की मदद से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।इस सम्बंध में पीड़िता के पिता द्वारा 5 सितंबर को गांव निवासी फैजान उर्फ भूरा के खिलाफ दुष्कर्म व उसके साथी फरदीन के खिलाफ छेड़छाड़ करने तथा परिजनों से शिकायत करने पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया गया।

पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी।रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपी फैजान टाण्डा-रामपुर मार्ग पर गांव सिकंदराबाद के मोड़ पर खड़ा है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरा. पी को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आयी।विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उसे न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** ग्राम पंचायत समोदिया में भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन माननीय सरदार बलदेव सिंह औलख कृषि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया जिसमें नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने फूल माला तथा पका पहनकर और गुलदस्ता देकर मंत्री जी का स्वागत किया जिसमें मंत्री जी ने कहा कि नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार आत्मनिर्भर बना रही है जिसके अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बहुत योगदान मिल रहा है।

इसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत समोदिया पर भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र के बारे में जानकारी दी और इस दौरान देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं का 33% आरक्षण घोषित किया है इसके अंतर्गत हर महिलाओं को ग्राम पंचायत ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख बनना चाहिए।इस दौरान केंद्र के संच. ालक बबीता मौर्य अमित सक्सेना,राजेश कुमार शर्मा, राजीव वर्मा, राजेंद्र हरीश मौर्य, अतर सिंह मौर्य, जयवीर सिंह,अनवर प्रधान वेद प्रकाश राजेश कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# बिलासपुर और स्वार में लगेगा तीन दिवसीय बिजली मेगा कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विद्युत वितरण खण्ड, रामपुर/स्वार/मिलक/बिलासपुर, रामपुर के कार्यालय प्रांगण में दिनांक 22.09.2025, 23.09.2025 एवं 24.09.2025 को आयोजित होने वाले 03 दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग मण्डल की ओर से उपभोक्ताओं के लिए दिनांक 22, 23 एवं 24.09.2025 को विद्युत वितरण स्वण्ड, रामपुर/स्वार/मिलक/बिलासपुर, रामपुर के कार्यालय प्रांगण में 03 दिवसीय मेगा कैम्प (समय प्रात: 10 बजे से सायं 05 बजे तक) का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

जिसमें सम्मानित उपभोक्ताओं के विद्युत बिल जमा कराने, पी.एम. सूर्य पर योजना, स्मार्ट मीटर स्थापन, बिल संसोधन करने, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण हेतु जहा आवश्यक हो सुनवाई कर निस्तारण किया जाना है।

विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वह उक्त तिथियों में अपनी विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु अपने नजदीकी मेगा कैम्प में उपस्थित होकर समस्याओं का निस्तारण कर, लाभ उठायें।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा/रामपुर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को टांडा पुलिस ने दबोच लिया। उसे टांडा-लालपुर मार्ग पर सिकंदराबाद मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। मामला 5 सितंबर 2025 का है। पीड़िता के परि. जनों की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक पर दुष्कर्म तथा उसके साथी पर छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप दर्ज किया था। एसपी रामपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी रामपुर और क्षेत्राधिकारी टांडा के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने रविवार दोपहर 2:30 बजे वांछित आरोपी को आलू मिल, सिकंदराबाद मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अफजाल अहमद और उनकी टीम शामिल रही। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने इसकी पुष्टि की।

# कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मसवासी।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक ग्रामीण को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका संबंधित धाराओं में चालान किया है। शनिवार की देर शाम चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला मसवासी पट्टीकला मार्ग पर गश्त पर थे कि इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव रहमतगंज के पास एक ग्रामीण गांव के बाहर बने खंडहर में कच्ची शराब बेच रहा है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर दल बल के साथ छापेमार कर्रावाई की तो शराब बेच रहे ग्रामीण ने भागने की कोशिश की पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। खंडहर से तलाशी लेने पर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस को पूछताछ में उसने अपना नाम इंद्रेश कुमार पुत्र जसवंत निवासी सीतारामपुर थाना स्वार बताया पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

# घर में घुसकर पीटने में चार लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहजादनगर क्षेत्र के कमरूददीन नगर मझरा निवासी श्यामलाल ने पुलिस को तेहरीर देकर बताया कि शनिवार की देर रात गांव के ही छह लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट कर दी।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद घायलों को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा। जिसके बाद पुलिस ने रविवार को सोहनलाल, कान्ता प्रसाद, छोटू और संजीव को गिरफ्तार कर लिया।

# बिलासपुर में ''वोट चोर गद्दी छोड़'' हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत बिलासपुर नगर अध्यक्ष रवि प्रकाश टंडन के आवास पर अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मंडल एवं नगर बिलासपुर, ब्लॉक बिलासपुर तथा कैमरी नगर के सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक बिलासपुर संजय कपूर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान जनता की आवाज को मजबूत करने वाला है और संगठन को गति व नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान लोकतंत्र की रक्षा और वोट की इज्जत के लिए चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को इसमें भाग लेना चाहिए ताकि जनता का संदेश सत्ताधारी दल तक पहुँचे।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

इस अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं में गहरा उत्साह और जोश देखा गया तथा सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के खिलाफ अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे।

अभियान की निगरानी बिलासपुर प्रभारी सहिर रजा खघं और डॉ. जफर ने की। इस दौरान मंच पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सानू का,ब्लाक अध्यक्ष गुरबाज, अजीब सिंह, लईक अहमद बाबू, नगर अध्यक्ष कैमरी, प्रवक्ता जयदीप द्विवेदी, कंट्रोल रूम प्रभारी ताहिर अंजुम उपस्थित रहे। सभा का संचालन वरिष्ठ नेता मोहम्मद असलम जावेद ने किया।

# रामपुर रजा पुस्तकालय में पद्मविभूषण विदुषी गिरिजा देवी जी की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय परिसर में शनिवार की शाम पद्मविभूषण विदुषी गिरिजा देवी जी की स्मृति को समर्पित "पुष्पांजलि" कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं रामपुर रजा पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने शास्त्रीय एवं लोकधुनों की अनमोल प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत युवा गायक असमान खान (कोलकाता) की प्रस्तुति से हुई, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध लोकगायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी (लखनऊ) ने अपने सुरीले स्वर और भावपूर्ण गायन से संपूर्ण वातावरण को संगीतमय बना दिया।

उनकी प्रस्तुति "बाली उमरिया में ब्याह के आई..." ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया और लगातार तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा।

इस आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, शिक्षाविद एवं संगीतप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी कलाकारों को उनके अद्वितीय योगदान एवं यादगार प्रस्तुतियों के लिए रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ. मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय सदैव भारतीय शास्त्रीय एवं लोक संगीत परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आने वाली पीढ़ियों को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने दोनों कलाकारों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और उन्हें खड़े होकर सम्मान दिया।

यह कार्यक्रम न केवल विदुषी गिरिजा देवी जी के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर बना, बल्कि रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर को और भी समृद्ध करने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुआ।

# रामलीला महोत्सव के छठे दिन भक्ति, संस्कृति और मनोरंजन का अनोखा संगम

- अहिल्या उद्धार से गौरी पूजन तकख्रछठे दिन रामलीला मंच पर छाई भव्यता
- रामलीला महोत्सव में भक्ति, संस्कृति और मनोरंजन की छटा बिखरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में चल रहा श्रीरामलीला महोत्सव रविवार को अपने छठे दिन एक अद्भुत दृश्य का गवाह बना। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धा, संस्कृति और मनोरंजन की त्रिवेणी में डूबे हजारों दर्शकों ने भक्ति रस का ऐसा आनंद लिया, जिसने पंडाल के हर कोने को जीवंत कर दिया। सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन का आरंभ हुआ। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी प्रेममयी निकुंज लीलाओं का चित्रण हुआ तो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने तालियों की गूंज से माहौल जीवंत किया, वहीं बुजुर्गों की आंखें भक्ति भाव से नम हो उठीं।

शाम ढलते ही मंच सजा रंगीन रोश. नियों और भक्ति संगीत से। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने ऐसा अद्भुत प्रदर्शन किया कि पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। अहिल्या उद्धार, गंगोत्पत्ति, जनकपुरी प्रवेश, नगर दर्शन, पुष्प वाटिका और गौरी पूजन जैसे प्रसंगों को जिस भव्यता और सजीवता से प्रस्तुत किया गया, उसने दर्शकों के दिलों में आस्था और भक्ति की लहरें दौड़ा दीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, सीए के. एम. टंडन और अमृत कपूर मौजूद रहे। कमेटी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

छठे दिन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को न केवल भक्ति रस से सराबोर किया, बल्कि आने वाले दिनों की झलक के प्रति उनकी उत्सुकता भी बढ़ा दी। रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा हर किसी के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हो रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, विना. द कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा कुक्कु भाई, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, नितिन कुमार सर्राफ, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल, पंकज गर्ग आदि मौजूद रहे।

# फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में ताज क्लब ने यंगमैन क्लब को 2-0 के गोल के अंतर से हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा ( रामपुर )।** नगर में मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में आयोजित खान कप फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में ताज क्लब ने यंगमैन क्लब से 2-0 के गोल के अंतर से हराकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मैच के पहले हाफ शुरू होते ही दोनों टीमों ने ताबड़तोड़ आक्रमण करते हुए गोल करने के अवसर तलाशते रहे, जिसमें ताज कलब के सेंटर फॉरवर्ड अदनान ने मैच के दसवें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया।

दोनों टीमों को कुछ अवसर मिलते रहे लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली।

दूसरे हाफ के अंतिम समय में ताज क्लब के खिलाड़ी अदनान ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल कर अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिलाने के साथ ही यह मैच 2-0 के गोल के अंतर से जीतकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया। मैच के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार ताज क्लब के खिलाड़ी दो गोल करने वाले अदनान को, मुख्य अतिथि अलकमा अमान द्वारा दिया गया। मैच रेफरी सगीर गुड्डू रहे।लाइन मैन राहत अली व ताहिर बफन रहे।

कमेंट्रेटर की भूमिका मुहम्मद सईद सागर, वसीम अकरम ने निभाई। इस अवसर पर आयोजकों में मु० दाऊद, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर, जैद कुरेशी, शोएब, महफूज मुन्ना, तस्लीम मिस्त्री, कारी रिजवान, मकसूद नन्ना, और मु० मकसूद आदि मौजूद रहे।

# पितृ अमावस्या पर उमड़ा सैलाब, गंगा स्नान कर पितरों का किया तर्पण



गजरौला। पितृ( श्राद्ध ) अमावस्या के अवसर पर ब्रजघाट में गंगा स्नान करते श्रद्धालु।



गजरौला। पितृ( श्राद्ध ) अमावस्या पर हाइवे पर लगे भीषण जाम में फंसे वाहनों की लंबी कतार।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** पितृ, श्राद्ध या महालया अमावस्या के नाम से जाने वाली हिन्दु धर्म की महत्तवपूर्ण अमावस्या पर आज रविवार को गंगा धाम तिगरी व ब्रजघाट में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दिन लोगों ने अपने पित्रों को स्मरण करते हुए उन्हें भोजन, पानी आदि का भोग लगाकर उनका तर्पण किया। सूर्योदय से प्रारंभ हुआ स्नान दोपहर बाद तक चलता रहा। पित्रों को स्मरण करके परिजनों की आंखे नम हो गईं तो वहीं वातावरण भावुक हो गया।

यूं तो बीते दिन शनिवार से ही श्रद्धालुओं ने गंगा तट की ओर प्रस्थान करना शुरू कर दिया था, भीड़ इतनी थी कि ब्रजघाट एवं तिगरी में दूर-दूर तक केवल श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दे रहे थे। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद अपने पितृों का तर्पण किया और उन्हें भोजन, पानी का भोग लगाया। श्रद्धालुओं ने घाटों पर बैठे पुरोहितों के मार्गदर्शन में पित्रों का तर्पण किया और उन्हें वस्त्र, धन, अन्न आदि का दान दिया। इस दिन पित्रों की स्मृति में वस्त्र दान करने की परम्परा है। अपने पित्रों का तर्पण करते समय श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रु बहने लगे तो वहीं गंगा घाट पर भावुकता का वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने अपने बुजुर्ग माता पिता को भी स्नान कराया। माना जा रहा है कि ब्रजघाट एवं तिगरी में लाखों लोगों ने आज के



गजरौला। पितृ अमावस्या पुरोहितों से पूजा कराते श्रद्धालू।

दिन गंगा स्नान किया है। सुरक्षा के द्रष्टिगत दोनों ही स्थानों पर पुलिस मुस्तैद रहे। स्थानीय पुलिस के अलावा दूसरे थानों की भी फोर्स भी तैनात रही। जितनी भीड़ इस स्नान पर रहती है, उसके आधार पर इसे मिनी गंगा मेला स्नान भी कहा जा सकता था। जैसे कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के समय श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली व निजी वाहनों के द्वारा गंगा तट की ओर जाते हैं, आज भी ऐसा ही नजारा यहां पर देखने को मिला। रात भर ट्रैक्टर ट्रालियों का काफिला तिगरी मार्ग पर देखा जा सकता था तो वहीं श्रद्धालु टैम्पू, मैक्स, प्राईवेट बसें, ई-रिक्शा, कारों, बाइ. कों के द्वारा भी गंगा धाम तिगरी व ब्रजघाट की ओर

### तिगरी व ब्रजघाट दोनों ही स्थानों पर उमड़े श्रद्धालु

प्रस्थान कर रहे थे। बता दें कि हिन्दु धर्म में पितृ अमावस्या का विशेष महत्तव है। प्राचीन काल से ही इस दिन श्रद्धालु पतित पावनी गंगा में स्नान करके अपने पितरों को नमन तर्पण करते हैं। **पीएसी के जवानों ने स्टीमर के जरिये रखी नजर** इन दिनों गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण श्रद्धालुओं को गहरे जल में स्नान करने से रो. कने के लिये पीएससी के जवानों को काफी मेहनत करनी पड़ी। बैरेकैडिंग के पीछे ही स्नान करने की अनुमति दी गई। दिन भर पीएसी के जवान स्टीमर से पैट्रोलिंग करते रहे। वहीं स्थानीय गोताखोर भी जुटे रहे। **पितृ अमावस्या का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव** बुधबाजार स्थित ज्योतिष केन्द्र के संच. ालक पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन अपने पूर्वजों को स्मरण किया जाता है और गंगा स्नान करके भोजन, जल आदि का भोग लगाया जाता है।

## तिगरी मार्ग और हाइवे पर रहा भीषण जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** पितृ अमावस्या पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने के कारण हाइवे और तिगरी मार्ग पर भीषण जाम के हालात बने रहे। जाम के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तिगरी मार्ग के साथ ही मोहरकापट्‌टी से तिगरी जाने वाले रास्ते पर भी जाम के हालात बने रहे। लोग अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करके ही स्नान के लिए पैदल पैदल निकल गए। जाम के चलते मिनटों का सफर घंटो में तब्दील हो गया। यूं तो पुलिस ने हाइवे और तिगरी मार्ग पर जाम मुक्त यातायात रखने के लिये योजना बनाई थी लेकिन वह योजना सफल नहीं हो सकी। हाइवे पर अमरोहा जनपद की पुलिस ने रूट डायवर्ट का प्लॉन बनाकर मुरादाबाद व हापुड़ जनपद के लिए भी फारवर्ड किया मगर इन दोनों जनपदों से हैवी

### जाम से बचने को गांवो के रास्ते भी पहुंचे श्रद्धालु

ट्रैफिक को समय से डायवर्ट नहीं किया गया, इस कारण जाम की समस्या गहरा गई। सुबह से गजरौला के चौपला चौराहे से बेरियर लगाकर वाहनों को हसनपुर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की तरफ डायवर्ट किया गया। वहीं तिगरी में भी जाम के हालात बन गए। तिगरी से शाहपुर तक वाहनों की कतारें लगी रहीं, वहीं तिगरी के भीतर भी मोहरकापट्‌टी रोड की तरफ जाने वाली सड़क भी जाम के हवाले रही। श्रद्धालु अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़े करके ही नहाने गए। जाम से बचने के लिये श्रद्धालु लोग बसैली आदि गांव के कच्चे रास्ते को होकर भी तिगरी पहुंचे। जाम खुलवाने के लिये पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## अवैध पार्किंग को लेकर हुई नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तिगरी कांकाठेर मार्ग पर स्थित खेतों में लोगों ने बाइकें आदि खड़ी कराईं और मनमाने ढंग से दाम वसूलने की कोशिश की। कई श्रद्धालुओं की काफी नोंकझोंक भी हुई। बता दें कि जाम के कारण श्रद्धालुओं को अपनी बाइकें, वाहन आदि काफी काफी दूर खड़े करके पैदल ही जाना पड़ रहा था। पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से रूपये ऐंठने का धंधा जोरों से चला।

## सभापति बनने पर महबूब का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सदर विधायक महबूब अली के लोक लेखा समिति के नौंवी बार सभापति चुने जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बताते चलें कि चार दिन पूर्व सदर विधायक महबूब अली को लगातार नौवीं बार लोकसभा समिति का सभापति चुना गया था। सभापति चुने जाने पर पहली बार अपने घर पहुंचे महबूब अली का पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सब आप लोगों की दुआओं व मेहनत का नतीजा है। उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है वह ईमानदारी से इसका निवर्हन करेंगे। इस मौके पर वहाब सैफी, जब्बार अंसारी, शशिकांत गोयल, जाहिद हुसैन, कमाल खां, अनस अब्बासी, नब्बू सिद्‌दीकी, चन्द्रगुप्त मौर्य आदि मौजूद रहे।

## पितृपक्ष अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### पूठ गंगाधाम पर श्रद्धा से किया स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में पूठ गंगा धाम पर पितृपक्ष अमावस्या के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान और पिंडदान के लिए पहुंच गये। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और अपने पितरों की शांति के लिए विधिपूर्वक पूजा-पाठ, तर्पण, और दान-पुण्य किया।

क्षेत्र के आसपास के गांवों और नगरों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा धाम पर एकत्र हो गये। हिंदू धर्म में पितृपक्ष अमावस्या को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन पिंडदान, तर्पण और गंगा स्नान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। जो लोग अपने पितरों की मृत्यु तिथि नहीं जानते वह भी इस दिन श्राद्ध करते हैं। इसे अश्विन अमावस्या और सर्व पितृ अमावस्या भी कहा जाता है। रविवार को पितृपक्ष अमावस्या के दिन हसनपुर के पूठ गंगा धाम एवं गंगानगर गंगा घाट में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर आस्था प्रकट की और पिंडदान किया। इस अवसर पर गंगा घाटों पर एक विशेष माहौल देखा गया, जहां हर ओर श्रद्धा और भक्ति का माहौल था। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गंगा नगर गंगा घाट, दियावली खालसा गंगा घाट, पौरारा गंगा घाट पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान और दान-पुण्य किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ वाहनों द्वारा इन घाटों तक पहुंचे और अपने पित. रों को श्रद्धांजलि अर्पित की। घाटों पर सुरक्षा और सफाई व्यवस्था के इंतजाम भी किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पितृपक्ष अमावस्या के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए दान-पुण्य भी किया। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और परिवार पर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद बना रहता है

## छात्राओं के फरार होने की जांच करेगी तीन सदस्य कमेटी

### बीते दिन कस्तूरबा गांधी के हॉस्टल से हुई थी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय के हॉस्टल से फरार हुई छात्राओं के मामले की जांच के लिए बीएसए ने तीन सदस्य कमेटी का गठन किया है।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 11:30 बजे हसनपुर मार्ग पर कस्बे का एक युवक घूम रही छात्राओं को देखकर संदिग्ध मान बैठा और तुरंत थाना रहरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों छात्राओं को सुरक्षित कब्जे में लेकर परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद शनिवार को सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत थाना अध्यक्ष रहरा अतवीर सिंह चौहान एवं खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने जांच की थी। जांच में पाया गया था कि एक छात्रा के पास से मोबाइल बरामद हुआ था।मामले की गंभीरता को देखते हुए आज रविवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी मोनिका सिंह कस्तूरबा इंटर कॉलेज रहरई पहुंचीं। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन को छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। फिलहाल दोनों छात्राएं सुरक्षित हैं और मामले की तहकीकात जारी है।

## रातभर चलती रही आम के पेड़ों पर कुल्हाड़ी

### बाग स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** बिना अनुमति के रात भर आम के पेड़ काटे जाते रहे। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को देखकर माफिया भाग गये। बाग स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये गये हैं।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र में कांठ रोड का है। यहां स्थित एक डिग्री कॉलेज के पास एक आम का पुराना बाग है। शनिवार रात लकड़ी माफिया ने बाग में पेड़ों का कटान शुरू कर दिया। रातभर पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई। कटान के बाद लकड़ी को वहां से हटा दिया लेकिन रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दे दी। खबर मिलते ही जिम्मेदार अफसरों में हड़कंप मच गया। तहसीलदार विजय श्याम दूबे टीम लेकर मौके पर पहुंच गए। उस समय भी वहां माफिया लकड़ी ट्रैक्टर-ट्राली भर रहे थे। टीम को देख सभी ट्राली छोड़ कर मौके से भाग निकले। तहसीलदार ने वन विभाग की टीम को भी मौके पर बुला लिया। वन अफसरों ने ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है। तहसीलदार ने बताया कि वन विभाग द्वारा मामले में कार्रवाई की जाएगी। राजस्व अभिलेख के आधार पर बाग स्वामी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, पेड़ों के कटान का ठेका लेने वाले लोगों को भी चिन्हित कराया जा रहा है।

### ब्रजघाट में स्नान कर लौट रहे पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन ने रौंदा

## अमावस्या पर दो हादसों में तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** अमावस्या पर ब्रजघाट में स्नान कर लौट रहे पिता-पुत्र की मौत हो गयी जबकि नौगांवा सादात में पुण्य कमाने जाते ब्रजघाट जाते एक भाई की मौत हो गयी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। पहला हादसा नौगांवा सीएचसी के सामने जबकि दूसरा हाइवे पर हुआ।

शनिवार रात पहला हादसा नौगावां सादात थाना क्षेत्र में गांव बांसखेड़ी में सीएचसी के पास हुआ। थाना क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी सगे भाई करतार सिंह, विजेंद्र, मुनिराज व परम सिंह छोटा हाथी वाहन में सवार होकर पितृ अमावस्या पर स्नान करने के लिए ब्रजघाट जा रहे थे। सीएचसी







के सामने से गुजरते समय सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने छोटा हाथी वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में करीब 50 वर्षीय करतार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीनों भाई गंभीर घायल हो गए। घटनास्थल पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, इसके बाद परिजनों को सूचना देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक करतार सिंह पेशे से मजदूर थे। मौत पर परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है। वहीं दूसरा हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर कस्बा जोया में रविवार सुबह साढ़े बस बजे हुआ। मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर में 55 वर्षीय रामगोपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी निर्वेश कुमारी के

### नौगांवा में छोटे हाथी ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर

अलावा एक बेटी शीतल कुमारी तथा दो बेटे कृष्ण कुमार के अलावा 25 वर्षीय हिमांशु था। रविवार सुबह रामगोपाल अपने बेटे हिमांशु के साथ पितृ अमावस्या के मौके पर तिगरी से स्नान कर वापस घर लौट रहे थे। जोया में पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने हादसे में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

## किशोरी को लेकर युवक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली एक किशोरी 17 सितम्बर को एक किशोरी घर से लापता हो गयी। जब परिजनों को इसका पता लगा तो उन्होंने आसपास उसकी तलाश की। तभी ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी को इसी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक के साथ देखा गया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर किशोरी के गायब होने से परिवार परेशान है। वह लगातार उसकी तलाश के लिए प्रयास कर रहा है।



अमरोहा। नवरात्र की पूर्व संध्या पर पूजा की सामग्री की खरीदारी करते श्रद्धालु।

## नवरात्र की पूर्व संध्या पर जमकर हुई खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** आज से शुरू होने वाले नवरात्र से पूर्व बाजार में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। प्रसाद की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। माता की चुनरी की खूब खरीदारी की गई। सुबह से ही बाजार में भक्तों के पहुंचने का सिल. सिला जारी था।

मां शैलपुत्री की पूजा के साथ आज से नवरात्र की शुरूआत हो जायेगी। रविवार को भक्तों में अपार उत्साह देखा गया। वह काफी समय से इस पल का इंतजार कर रहे थे। प्रसाद की दुकानों पर माता के भक्तों ने अपनी पसंद की चुनरी की खरीदी के साथ दूध वाला गोला लिया। इसके अलावा माता को सजाने के लिये सामान की खरीदारी की गई। मां शैलपुत्र की पूजा कर भक्त उनसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते है। बताया जाता है कि सच्चे मन से उनसे जो मुराद भक्त मांगता वह उसे पूरा कर उसका जीवन खुशियों से भर देती है। नौ दिन तक चलने वाले इस श्रद्धा के उत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा था। क्योकि रविवार का दिन छुट्‌टी का है इस कारण महिलाएं अपने पतियों व परिवार के साथ पूजा के सामान की खरीदारी करने पहुंची। आज भक्त पूरी श्रद्धा के साथ घरों में कलश की स्थापना करते है। नौ दिन वह माता को मनाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते है। सुबह से ही बाजारों में भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर तरफ उनकी भीड़ दिखाई दे रही थी। शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पूजा पाठ के लिये मंदिरों को सजा दिया गया है। नगर के अधिकांश मंदिरों पर रौनक अलग ही दिखाई दे रही है। भक्तों ने फूलों से मंदिरों को सजाया है। यहां लगे लाउड स्पीकर पर सुबह से ही माता का गुणगान किया जा रहा था। धार्मिक गीतों की आवाज दूर तक सुनाई दे रही थी। लगातार नौ दिन तक ऐसा ही माहौल पूरे शहर में दिखाई देगा।

## रक्तदान करना पुण्य कार्य: इफ्तेखार



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** आल इंडिया फोरम पयाम इंसानियत की ओर से मदरसा अरबिया इस्लामिया मदीना उलूम खैयामाफी में समाजसेवा करने वालों का सम्मान किया गया। निर्यातक हाजी इफ्तेखार अली ने कहा कि परेशान लोगों की मद्‌द करना तथा आपस में प्यार मुहब्बत से रहने से गंगा जमुनी तहजीब की फिजा आम होती है। आज के वैज्ञानिक दौर में जहां साइंस ने बड़ी तरक्की कर ली है परन्तु खूब जैसी कीमती चीज नहीं बन सकी है। इसलिए जरूरी है कि हम समय समय पर रक्तदान करके लोगों की जान बचायें। यह बड़ा पुण्र्य कार्य है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय बिना धर्म व जाति देखे रक्तदान कर लोगों की जान बचायें। इस दौरान रक्तदान करने वालों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के जरिये स्तन कैंसर जागरूकता को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट की व्यापक पहुंच का उपयोग सामाजिक बदलाव लाने के लिए करते हुए, भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और बीसीसीआई ने मिलकर 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के माध्यम से स्तन कैंसर जागरूकता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया। इस पहल के तहत, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में खास गुलाबी जर्सी पहनी, जिस पर 'थैंक्स-ए-डॉट' का लोगो बना हुआ था। इस पहल ने दिखाया कि खेल की एकजुट करने वाली शक्ति का उपयोग महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने, स्तन की स्वयं-जांच और शीघ्र पहचान के महत्व के बारे में बातचीत को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है, जो स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### अमेरिका ने चार में से तीन रिले खिताब जीते

**टोक्यो, वार्ता।** रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने चार में से तीन रिले स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्प्रिंट शक्ति का परिचय दिया। बोत्सवाना ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में दिन का सबसे बड़ा आश्चर्य किया, 2 मिनट 57:76 सेकंड का समय लेकर अमे. रिकियों को केवल 0:07 सेकंड से पीछे छोड़ दिया, जबकि दक्षिण अफ्रीका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बोत्सवाना की बुसांग कोलेन केबिनातशिपी ने कहा कि मौसम की वजह से मुझे सबसे रणनीतिक चरण में दौड़ना पड़ा। मुझे सबसे पहले फिनिश लाइन पार करने की खुशी है। मैं दो स्वर्ण पदक जीतकर घर लौटने के लिए बहुत आभारी हूँ।

# बीसीसीआई अध्यक्ष की दौड़ में आगे मिथुन



● 28 सितम्बर को होगा आधिकारिक ऐलान, 157 फर्स्ट क्लास मैच खेले इंटरनेशनल मैच एक भी नहीं

**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास अगले बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं।


बीसीसीआई के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, शनिवार तक, मन्हास अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र नाम थे, जो इस साल अगस्त में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी के पद छोड़ने के बाद से खाली है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तब से अंतरिम रूप से इस पद पर कार्यरत थे।

### मिथुन मन्हास को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए जेके क्रिकेट संघ ने दी शुभकामनाएं

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ और जम्मू-कश्मीर के पूर्व रणजी ट्रॉफी कप्तान अश्विनी गुप्ता ने मिथुन मन्हास के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के सदस्य प्रशासन, ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने 'यूनीवार्ता' से कहा कि मैंने मिथुन मन्हास के बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किए जाने खबर सुनी है। अगर ऐसा होता है तो यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी खबर होगी। वह बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जेकेसीए के नामित सदस्य हैं। अगर हममें से कोई बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना जाता है, तो हमारे लिए इससे बड़ी खबर और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से कहूं तो, वह इस पद के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं क्योंकि एक उत्कृष्ट क्रिकेटर होने के अलावा उन्हें प्रशासन का भी अच्छा अनुभव है क्योंकि वह जेकेसीए के क्रिकेट संचालन और विकास सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। इस भूमिका में उनका योगदान अद्वितीय है और यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के उत्थान और राष्ट्रीय स्तर पर जेकेसीए के खिलाड़ियों की संख्या को

बीसीसीआई पदाधिकारियों में एक और क्रिकेटर के शामिल होने की संभावना है, कर्नाटक और भारत के पूर्व स्पिनर रघुराम भट कोषाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। भट वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। मन्हास, जो अक्टूबर में 46 वर्ष के हो जाएंगे, जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ के संचालन के लिए बीसीसीआई द्वारा नियुक्त उप-समिति का हिस्सा हैं। जम्मू में जन्मे मन्हास 2015 में दिल्ली से जम्मू और कश्मीर चले गए थे और उसके अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो गए। तब से उन्होंने विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में काम किया है, जिसमें बांग्लादेश पुरुष अंडर-19 टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के साथ-साथ आईपीएल टीमों किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के लिए भी काम किया है। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जहां उन्होंने 9714 रन बनाए( 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन बनाए( और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि मन्हास का नाम शनिवार को दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक में सामने आया, जिसमें बीसीसीआई के कुछ प्रमुख पूर्व और वर्तमान सदस्य शामिल हुए, जिनमें वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, शुक्ला, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और पूर्व बोर्ड सचिव निरंजन शाह शामिल थे। विभिन्न पदा. धिकारियों के लिए चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में होने वाले हैं। हालांकि, रविवार के अंत तक नए नामांकन दाखिल नहीं किए जाते, तो दिल्ली बैठक में चर्चा किए गए नामों के अंतिम होने की उम्मीद है। माना जा रहा है

## भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई साइक्लिंग परिसंघ ने भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) को एक ईमेल लिखकर भारत के मेजबानी अधिकारों की पुष्टि की है।

भारतीय साइक्लिंग महासंघ ने रविवार को घोषणा की कि भारत को 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। महासंघ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई है और उसे इसकी मेजबानी मिल गई है। यह घटनाक्रम गुरुवार को एशियाई साइक्लिंग महासंघ की एक समिति की बैठक के बाद सामने आया है। एसीसी अध्यक्ष अमरजीत सिंह गिल ने सीएफआई को भेजे एक ईमेल में लिखा कि 18 सितम्बर 2025 को हुई एसीसी प्रबंधन समिति की बैठक में हुई चर्चा के बाद, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल बोली के परिणामस्वरूप, भारतीय साइक्लिंग महासंघ को आगामी 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार प्रदान किए गए हैं।

# हाथ मिलाना पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला: वेंकटेश प्रसाद

**हुबली, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने आज कहा कि हाथ मिलाना या मैदान पर अन्य शिष्टाचार जैसे फैसले पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला है और समकालीन क्रिकेट में पाक पर भारत की स्पष्ट बढ़त की व्यापक वास्तविकता को इससे प्रभावित नहीं होना चाहिए।

दुबई में चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच एशिया कप 2025 के सुपर 4 मुकाबले से पहले यहां पत्रकारों से बात करते हुए, प्रसाद ने हाथ मिलाने और मैदान पर इशारों को लेकर हाल ही में चल रही बहस पर बात की। उन्होंने कहा कि कोई टीम हाथ मिलाना चाहती है या नहीं, यह पूरी तरह से उनका फैसला है। अगर कोई



● कहा: भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है, दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है

ईमानदारी से खेल रहा है, तो आप खेल भावना के अनुरूप खेलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ये आंतरिक फैसले हैं, और मैं बाहर से इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। प्रसाद ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट के बदलते संदर्भ पर विचार किया और कहा कि इस तरह के इशारे, प्रतीकात्मक होते हुए भी, टीमों के बीच व्यापक मतभेदों की तुलना में मामूली हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है। दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारतीय खिलाड़ी अब खेल के हर पहलू में पूरी स्पष्टता के साथ काम करते हैं। उन्होंने मौजूदा भारतीय टीम के आत्मविश्वास और तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पास हर पहलू में स्पष्टता है।

# भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** हेनिल पटेल (तीन विकेट) तथा किशन कुमार और कौशिक चौहान (दो-दो विकेट) के बाद अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 87 ) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 61) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की पुरुष अंडर -19 टीम ने रविवार को पहले यूथ एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की



● पुरुष अंडर-19 टीम ने पहले यूथ वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया

पारी खेली। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे (छह) और विहान मल्होत्रा नौ के विकेट जल्द गंवा दिये। लेकिन बाद वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30-3 ओवरों में 227 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। अभिज्ञान कुंडू ने 74 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 87 रनों की पारी खेली और वेदांत त्रिवेदी ने 69 गेंदों में आठ चौको की मदद से नाबाद 61 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से चार्ल्स लैचमुंड ने दो विकेट लिए। हेडन शिलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को शुरुआत में ही झटका लगा।

किशन कुमार ने पहले ही ओवर में दोनो सलामी बल्लेबाजों एलेक्स टर्नर और साइमन बज को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद स्टीवन होगन और विल मालाजचुक ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को हेनिल पटेल ने आउट किया। स्टीवन होगन ने 39 रन बनाये, विल मालाजचुक 17 रन बनाकर आउट हुए।



# सात्विक-चिराग को रजत से करना पड़ा संतोष

● सात्विक-चिराग को विश्व नंबर-1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले मुकाबले हारे

**निंगबो, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 में रजत पदक से संतोष करना पड़ा

सात्विक-चिराग को विश्व नंबर 1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले कड़े फाइनल में 21-19, 21-15 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सात्विकऔर चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता मलेशिया के आरा. ेन चिया और सोह वूई यिक को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वे अपने प्रदर्शन को फाइनल में नहीं दोहरा पाए। यह सात्विक-चिराग की चाइना मास्टर्स के फाइनल में दूसरी उपस्थिति थी। इससे पहले वे टूर्नामेंट के 2023 संस्करण में भी उपविजेता रहे थे। इससे पहले, उन्होंने पेरिस में अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक भी

# भारत एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर में कुवैत से हारा

**नई दिल्ली/कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में मेजबान कुवैत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अर्दिया के कुशैन अल-मुतैरी हॉल में शनिवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम को कुवैत के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा एआईएफएफ ने अपने बयान में कहा कि भारत ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः मेजबान कुवैत के खिलाफ शनिवार को कुशैन अल-मुतैरी हॉल में एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। हाफ-टाइम तक कुवैत के पास 2-1 की मामूली बढ़त के साथ खेल रही थीं। बयान में कहा गया कि यह एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर्स में भारत की दूसरी उपस्थिति थी और 135वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पता था कि उनका सामना कुवैत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। अनुभव और रैंकिंग में अंतर के बावजूद, ईरानी मुख्य कोच रेजा कोर्डी के मार्गदर्शन में भारत ने सराहनीय धैर्य और सामरिक परिपक्वता दिखाई। नौवें मिनट में भारत को सफलता उस समय मिली जब लालसंगकिमा ने कुवैत की रक्षापंक्ति को भेदते हुए एक तेज गेंद डाली और डेविड लालटलानसांगा ने उसे पकड़कर गोलकीपर फवाद अल खवारी को छकाते हुए एक जबरदस्त गोल दागा। इस गोल ने घरेलू दर्शकों को चौंका दिया और भारत को एक अच्छी बढ़त दिला दी। यह लालटलानसांगा का आठवा अंतर्राष्ट्रीय गोल था, वह पुरुष फुटसल में भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन

# नूर और मुजीब को डिमेरिट अंक मिले

● नूर को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन का आरोप लगा

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई।

नूर को आर्टिकल 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फ़ैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2-2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने` संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिए से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर



ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फ़ैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सज़ा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। अफ़ग़ानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया।

# दुबई में दम दिखाएगी रियल कबड्डी लीग

**दुबई, वार्ता।** भारतीय कबड्डी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) दिसंबर 2025 में दुबई में अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय संस्करण के साथ इतिहास रचने को तैयार है। भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व-स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी। शुभम चौधरी द्वारा स्थापित आरकेएल, जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारने और कबड्डी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का एक सशक्त मिशन है। लीग के एम्बेसडर, युवा आइकन रणविजय सिंह और कबड्डी दिग्गज राहुल चौधरी इस स्वदेशी खेल को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। सिंह ने कहा कि

● भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी

कबड्डी में वैश्विक खेल बनने की पूरी क्षमता है, और हम इसे दुबई में साकार करेंगे। वहीं, चौधरी ने उत्साह जताते हुए कहा कि यह लीग युवा प्रतिभाओं को चमकने का मौका देगी और कबड्डी को गांवों से वैश्विक मंच तक ले जाएगी। लीग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संरक्षकों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। शिवसेना-एनडीए के राष्ट्रीय समन्वयक डा. अभिषेक वर्मा ने कहा, ष्कबड्डी भारत की संस्कृति और टीम वर्क का प्रतीक है। आरकेएल के माध्यम से हम इसे विश्व मंच पर ले जा

# विश्वास था हम कहीं से भी जीत सकते हैं: मंधाना



### स्मृति मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली में हुए तीसरे वनडे में जब ऑस्ट्रेलिया की टीम ने बेथ मूनी के शानदार शतक की मदद से भारत को 413 रनों का विशाल लक्ष्य दिया, तब शायद बहुत कम लोगों ने ही सोचा होगा कि भारतीय टीम इस स्कोर के इतने करीब जाएगी और जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन ड्रेसिंग रूम में यह विश्वास शुरू से था, जिसकी मदद से भारतीय टीम एक समय मैच जीतने की कग़ार पर लग रही थी और उन्होंने आखिर तक ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त टक्कर दी। 63 गेंदों में 17 चौके और पांच छक्कों की मदद से रिकॉर्ड 125 रनों की पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि टीम में शुरू से यह विश्वास था कि वे लक्ष्य के पीछे जाएंगे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंधाना ने कहा कि पारी के ब्रेक के दौरान हमारी यही बातचीत थी कि विकेट सपाट है और आउटफ़ील्ड बहुत तेज है, इसलिए हम लक्ष्य तक जा सकते हैं। हमारे पास भी बल्ला है और हम भी यहां पर क्रिकेट ही खेलने आए हैं। आप लोगों (गेंदबाज़ों) ने अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदें डालीं और उन्हें रोकने की कोशिश की। हम भी अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे और उन रनों को हासिल करने की को. शिश करेंगे। टीम में विश्वास हमेशा से बहुत ऊपर था। हम ये 413 रन का लक्ष्य वाकई में हासिल करना चाहते थे क्योंकि यह टीम का कैरेक्टर दिखाता। हालांकि बीच में कुछ विकेटें गिरी। मैं फुलटॉस पर आउट हुई, ऋचा (घोष) को दुर्भाग्यशाली ढंग से रनआउट होना पड़ा और कुछ चीज़ें हमारे पास पक्ष में नहीं गईं। लेकिन मुझे इस टीम पर पूरा गर्व है। जिस तरह से सभी ने इस पूरे सीरीज के दौरान प्रदर्शन किया, वह टीम का कैरेक्टर दिखाता है। ऑस्ट्रेलिया के 412 रनों के जवाब में भारतीय टीम का स्कोर एक समय 20 ओवरों में दो विकेट के नुक़सान पर 206 रन था। भारतीय उपकप्तान और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच 69 गेंदों में 121 रनों की साझेदारी हो चुकी थी और टीम का रन रेट 10 से ऊपर का था। लेकिन 21वें ओवर में हरमनप्रीत का विकेट गिरा और अगले ओवर में मंधाना भी पवेलियन में थीं। मंधाना के आउट होने के बाद भारतीय टीम के विकेट लगातार गिरते रहे और लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में शायद आगे टक्कर नहीं दे पाए। लेकिन फिर दीप्ति शर्मा ने स्नेह राणा के साथ मोर्चा संभाला और आठवें विकेट के लिए 54 गेंदों में 65 रनों की साझेदारी कर भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा। मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ़ 11 बल्कि टीम के सभी 15 खिलाड़ी मैच विनर हैं। मुझे नहीं लगता कि टीम का कोई खिलाड़ी मुझ पर या किसी और पर कोई दबाव डाल रहा है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हो, तो कोई दबाव नहीं होता है। यह हमारा कर्तव्य होता है। और दूसरी बात, मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है कि हम किसी भी समय मैच को जीत सकते हैं। पिछले 12 महीनों में हमने लगातार 300 या उसके ऊपर का स्कोर बनाया है और प्रतिका (रावल), हरलीन (देओल), जेमिमा (रॉड्रिग्स), हरमन (हरमनप्रीत सिंह) सबने शतक लगाया है। इसलिए यह टीम किसी एक पर निर्भर नहीं है। मंधाना ने इस मैच में सिर्फ़ 50 गें. दों में शतक बनाया और भारत की तरफ़ से सबसे तेज वनडे शतक (पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर) वाली बल्लेबाज बनीं। यह महिला

# ट्रम्प का दोहरा चरित्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए, जिससे एच-1बी वीजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो गया है। अब से कोई भी शख्स अमेरिका जाने की खातिर इस वीजा के लिए आवेदन करेगा तो उसके नियोक्ता को प्रोसेसिंग के लिए 1 लाख डॉलर यानी करीब रुपये 83 लाख शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए है और केवल सबसे कुशल विदेशी कामगार ही अमेरिका आएंगे। ट्रंप के जिस फैसले को अमेरिकियों के हित में बताया जा रहा है उसका सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा, क्योंकि यह वीजा धारकों में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। हाल के वर्षों में 71.73 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारतीयों को मिले हैं, जबकि चीन का हिस्सा लगभग 11.12 प्रतिशत है। 2024 में ही भारत को 2 लाख से ज्यादा एच-1बी मिले। अनुमान है कि अगर सिर्फ 60,000 भारतीयों पर तुरंत असर पड़ता है तो सालाना भार 6 बिलियन डॉलर रुपये 53,000 करोड़ तक होगा। मध्यम स्तर के इंजीनियर, जो अमेरिका में सालाना 1.2 लाख डॉलर कमाते हैं, उनके लिए यह शुल्क उनकी आय का लगभग 80 प्रतिशत निगल जाएगा। छात्रों और रिसर्चरों के लिए भी यह रास्ता लगभग बंद हो जाएगा। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल जैसी भारतीय आईटी कंपनियां लंबे समय से एच-1बी वीजा पर अमेरिकी प्रोजेक्ट चलाती रही हैं, लेकिन नया शुल्क मॉडल अब उन्हें ऐसा करना बेहद महंगा बना देगा। कई कंपनियां काम को वापस भारत या कनाडा-मेक्सिको जैसे नजदीकी केंद्रों में शिफ्ट करने पर मजबूर होंगी। इस पर खासतौर से सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार को केवल आवेदन की लागत वसूलने की अनुमति दी है न कि इतनी बड़ी रकम थोपने की। ऐसे में यह आदेश अदालत में चुनौती का सामना कर सकता है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनके सलाहकार रहे और आव्रजन नीति पर एशियाई-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने एच1-बी शुल्क बढ़ाने संबंधी ट्रंप की नई योजना से अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पर संकट मंडराने की चेतावनी दी। टैरिफ को लेकर पहले से ही जारी टेंशन के बीच भारत-अमेरिका के राजनीतिक रिश्तों पर भी इसका असर पड़ सकता है। भारत सरकार इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर जरूर उठाएगी क्योंकि लाखों भारतीय प्रभावित होंगे। ट्रंप अपने मतदाताओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वह अमेरिकी नौकरियों की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन भारत के साथ साझेदारी और टेक्नोलॉजी सहयोग पर इसका निगेटिव असर हो सकता है। अब 85,000 वार्षिक एच-1बी कोटा (65,000 सामान्य, 20,000 उच्च डिग्री धारकों के लिए) पर यह शुल्क लागू होगा। छोटी कंपनियां और नए स्नातक पीछे हट सकते हैं। नियोक्ता केवल उच्च वेतन वाले विशेषज्ञों को स्पॉन्सर करेंगे, जिससे अवसर और भी सीमित हो जाएंगे। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम अमेरिका की इनोवेशन क्षमता पर टैक्स लगाने जैसा है और इससे ग्लोबल टैलेंट अमेरिका आने से कतराएगा।

## अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहन -सहन, कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा, तो विदेशी सामानों पर निर्भर है, आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन के ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं, चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं, तो अब स्वदेशी- स्वदेशी चिल्ला रहे हैं, हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप, क्या है स्वदेशी, स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है, गलवान घाटी की घटना के बाद जब चीन ने हमारे बीस जवानों को चीन ने शहीद किया, तब उसके बाद भारत का चीन से व्यापार 39 लाख करोड़ का है, तो इनके मुंह से स्वदेशी शब्द ही नहीं निकलना चाहिए, अगर कोई भाजपाई स्वदेशी शब्द बोले, तो उसके मुंह में, तो छाला पड़ जाना चाहिए।

**-संजय सिंह, सांसद, आम आदमी पार्टी**

# क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा!






पवन सिंह

क्या अभी भी आप सच नहीं देख पा रहे हैं? धर्म और जाति के पागलपन का एनेस्थीसिया क्या अभी भी खत्म नहीं हुआ है? क्या आपको अभी भी नहीं लगता है कि समूचे देश को एक भयावह भंवर जाल में फंसा दिया गया है? क्या अभी भी आप ईमानदारी से एक सवाल तक नहीं कर सकते हैं? किसी सत्ता की स्वामिभक्ति ने क्या आपको इतना नीचे गिरा दिया है कि अब जब देश का सम्मान और उसकी सुरक्षा तक प्रभावित होने लगी है, तब भी आप कीर्तन-भजन गा रहे हैं? कितने बहाने और स्पष्टीकरण देंगे? तय आपको करना है कि आप बतौर एक हिन्दुस्तानी देश के साथ हैं या किसी सत्ता के साथ? मौजूदा समय में यह देश एक गंभीर खतरे में है लेकिन आप देखना व समझना नहीं चाहते हैं।

H-1B वीजा का अमेरिकी खेल, पाक और सऊदी अरब के साथ समझौता और बांग्लादेश में अमेरिकी फौज की इंट्री। जो औसत दर्जे का भी समझदार नागरिक होगा और जिसे थोड़ी सी भी अपने देश को लेकर किसी कोने में मोहब्बत होगी, वह कम से कम अब तो समझ ही चुका होगा कि हमारी क्या हालत हो चुकी है। H-1B वीजा के लिए जो फीस डेढ़ हजार डॉलर थी वह अब सीधे 1 लाख डालर कर दी गई है। भारतीय रुपया जो अब लगभग मरणासन्न स्थिति में और 87-88 के आसपास टहल रहा है उसके हिसाब से इस वीजा के लिए अब लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। ट्रंप सरकार के इस फरमान से अमेजन, एप्पल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, गुगल के बाद भारतीय कंपनियों जैसे-इनफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और टेक महेंद्रा जैसी कंपनियों में अफरातफरी मच चुकी है। अचानक लागू हुए इस नियम ने भारतीय एयरपोर्टों पर त्योहार के लिए आए लाखों प्रोफेशनल युवाओं को लौटती फ्लाइट से वापस अमेरिका भागने पर मजबूर कर दिया है। अब अमेरिकी और भारतीय कंपनियां अपने किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए शायद तैयार नहीं हैं, चूंकि ट्रंप का यह फैसला 21 सितंबर, 2025 से लागू हो रहा है ऐसे में जो जैसे आया था वह वैसे ही वापस लौट रहा है। हालात तो यह है कि लोग एयरपोर्ट पर उतरे और एयरपोर्ट के बाहर खड़े अपने मां-बाप-भाई-बहन तक से न मिल पाए। वापस जाती फ्लाइट के लिए टिकट बुक करा लिया। हालात दुखद हैं लेकिन बतौर एक देश हम सब फंस चुके हैं। आपको बता दें कि हमारे आप जैसे भारत के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे जो देश के तमाम इंस्टीट्यूट में एक सपना लेकर पढ़ रहे हैं, उनके सामने एक गहरी निराशा है। वर्ष, 2015 से हर साल अमेरिका द्वारा जितने भी H-1B आवेदन मंजूर किए जाते रहे हैं उसमें से करीब 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन भारतीयों के होते हैं। ऐसी स्थिति में आगे क्या होगा, यह सोचना ही भयावह है। ट्रंप ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, वह अमेरिकी मीडिया ने प्रकाशित किया है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष, 2000 से वर्ष, 2019 के मध्य अमेरिका में विदेशी STEM यानी साइंस, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व मैथ प्रोफेशनल्स की संख्या जो कि 12 लाख हुआ करती थी वह 25 लाख हो गई। बकौल ट्रंप, IT कंपनियों ने H-1B वीजा सिस्टम में हेर-फेर किया है। H-1B वीजा प्रोग्राम के तहत IT प्रोफेशनल्स का पिछले पांच सालों में बढ़कर 65 प्रतिशत से ज्यादा हो गया हो। आंकड़ों को देखें तो वर्ष, 2022, अक्टूबर से वर्ष, 2023, सितम्बर के बीच, H-1B के तहत जारी, करीब 4 लाख वीजा में से 72 प्रतिशत वीजा केवल भारतीयों को मिले। यहां यह भी बता दूं कि अमेरिका में भारत की चार बड़ी IT कंपनियों ने जबरदस्त पैर जमा रखें हैं इनमें इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल व विप्रो में ही कार्यरत 20 हजार लोगों को नौकरी मिली, मतलब H-1B वीजा की मंजूरी मिली। इसके दो बड़े नुकसान होंगे, पहला-यह कि अमेरिका में भारतीय प्रोफेशनल्स कम हो जाएंगे और परिणामस्वरूप भारतीय आईटी कंपनियों को अमेरिकी कॉन्ट्रेक्ट भी कम मिलेंगे। फिलहाल ताजा-ताजा यह हुआ है कि दीपावली की लंबी छुट्टी में तमाम भारतीय शादियों के लिए भी आते थे, वह सब कैंसिल हो चुकी हैं। बंगलौर, हैदराबाद , चेन्नई और अहमदाबाद आदि शहरों के वेडिंग प्लेसेज के कैंसिलेशन कि खबर मीडिया पर आएगी, ऐसी उम्मीद करता हूं। हालांकि, यह उम्मीद करना बेकार है। हां! H-1B में जो बदलाव हुए हैं, उसके लाभ जरूर मीडिया गिनवाएगा। इसी बीच एक और बड़ी घटना हुई है और वह है पाक-सऊदी रक्षा समझौता। विगत 11 सालों में हम कूटनीतिक मोर्चे पर ऐसा पिटे हैं कि पड़ोस का नेपाल भी साथ नहीं है। सऊदी अरब अब खुलकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान को आर्थिक और सैन्य मदद कर सकता है। पाकिस्तान व सऊदी अरब के साझा रक्षा समझौते के अनुसार अब यदि कोई देश पाक या सऊदी पर हमला करता है तो उसे साझा हमला यानी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। गले मिलने और गले पड़ने व फोटो सेशन व शूटिंग-शर्टिंग में कब हम सब कुछ अंतराष्ट्रीय स्तर पर खोते चले गए, पता ही नहीं चला। बिकाऊ पत्रकारों की भांडगिरी ने कहीं का नहीं छोड़ा है। पाकिस्तान कूटनीतिक मोर्चे पर देखते ही देखते फर्राटा भर रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी रियाद यात्रा के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात के बाद ऐसा कोई स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट करने वाले हैं, इसकी कानों-कान भारत को खबर तक न लगी। लगती भी कैसे। निर्वाचन आयोग से लेकर सभी संवैधानिक संस्थाओं को रौंदने के अभियान पर जो ध्यान है। पाकिस्तान ने एक झटके में मुस्लिम देशों के बीच अपनी छवि को पुख्ता कर डाला। उसने साऊदी अरब के साथ अपने परमाणु हथियारों को ठेके पर देने की डील कर डाली और इशारा कर दिया कि मुस्लिम ब्रदरहुड की छतरी के नीचे उसके परमाणु हथियार उन्हें सुरक्षा देंगे। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की एक बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया आई हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए वचनबद्ध हैं और इस पर अध्ययन कर रहे हैं।ष एक सवाल जेहन में आता है कि यदि अब भारत पाकिस्तान के खिलाफ अगर कोई सैन्य आपरेशन करता है तो साऊदी अरब की प्रतिक्रिया क्या होगी? यहां यह बता दूं कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर हमला किया तो चीन व तुर्की ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की। वह अलग बात है कि हम उसी चीन के पाले में खड़े होकर दांत चियार रहे हैं। पाकिस्तान के पीछे चीन खुलकर खड़ा है और सऊदी अरब के पीछे अमेरिका खड़ा है। अमेरिकी-भारत रिश्ते कहां खड़े हैं, यह सामने है। रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटा) ने तमाम भारतीय मीडियाकर्मियों से कहा कि साऊदी-पाक का यह रिश्ता एक दिन में नहीं बना है, यह सालों से चली आ रही बातचीत का नतीजा है और यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है जब गाजा संकट के बीच इजरायल ने कतर पर हमला किया है। इस समझौते में चीनी, रूसी खेल भी हो सकता है। उधर रूस का भी पाकिस्तान के प्रति झुकाव, भारतीय संदर्भों में हमारी कूटनीति की शवयात्रा निकाली चुका है। उधर, बांग्लादेश में भी तख्तापलट हुआ और इधर खबर तक न लगी उस पर ताजा खबर यह है कि बांग्लादेश में अमेरिकी फौज उतर चुकी है। हमारी हालत यह है कि हम पर अब न अमेरिका को भरोसा रहा न रूस को और चीन तो शातिर है ही। पड़ोसी नेपाल, लंका, बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव। कोई भी साथ नहीं। सब के सब चीन की ओर मुखातिब हो चुके हैं। फोटोग्राफी सेशन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, लाइट, कैमरा, एक्शन, बाबाओं के आश्रमों की भीड़ और मीडिया का कीर्तन-भजन। एन-केन सत्ता पर पकड़। बस इससे ज्यादा फाग हमारे यहां नहीं चल रहा है। हालत निबरे की जोइया सबकी सरहज वाली है। यानी गरीब की पत्नी से हर आदमी मजाक कर लेता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**कैंसर के संबंध में यह जानना जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। इसी कारण लोगों को कैंसर तथा इसके कारणों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, धूम्रपान, अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि शामिल हैं। यह एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं।**

# गुलाब दिवसः कैंसर योद्धाओं का संघर्ष



योगेश कुमार गोयल

22 सितम्बर को दुनियाभर में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। हालांकि इस दिवस के नामकरण से प्रतीत होता है, मानो यह दिवस गुलाब रोज की विभिन्न किस्मों के बारे में जानने के लिए ही मनाया जाता हो लेकिन वास्तव में यह दिन कैंसर से लड़ रहे लोगों में आशा और उत्साह का संचार करने के लिए समर्पित है। गुलाब का फूल चूंकि खुशी का प्रतीक होता है, इसीलिए इस दिन कैंसर मरीजों और उनकी देखरेख करने वालों को गुलाब का फूल देकर संदेश दिया जाता है कि कैंसर जिंदगी का अंत नहीं है बल्कि कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि लड़कर जीत भी हासिल की जा सकती है। गुलाब का फूल देकर उन्हें अहसास कराया जाता है कि उनकी जिंदगी भी फिर से गुलाब जैसी ही महक और खिल सकती है, बस जरूरत है कैंसर से दृढ़तापूर्वक लड़ने के जज्बे की। वास्तव में इस दिवस के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि प्राणघातक बीमारी कैंसर से जूझ रहे मरीजों का दुख बांटने का छोटा सा प्रयास करके भी हम उन्हें बड़ा संबल प्रदान कर सकते हैं। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य कैंसर रोगियों को कैंसर से लड़ने की प्रेरणा शक्ति और उन्हें खुशियां देना ही है। दरअसल कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ देती है।

हालांकि दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं इस बीमारी से जूझते हुए भी अपनी बहादुरी और सकारात्मक के चलते दूसरे कैंसर मरीजों के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक बहादुर बच्ची थी कनाडा की 12 वर्षीया मेलिन्डा रोज, जिसे 1994 में मात्र 12 साल की आयु में ही घातक रक्त कैंसर (अस्किन्स ट्यूमर) हो गया था। मेलिन्डा कैंसर से आखिरी जंग लड़ रही थी और डॉक्टरों ने कह दिया था कि वह दो सप्ताह से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगी लेकिन उस छोटी बच्ची ने हार नहीं मानी तथा न केवल करीब 6 महीने तक जीवित रही बल्कि अन्य कैंसर पीड़ितों के लिए भी अद्भुत मिसाल बन गई। मेलिन्डा ने यह 6 महीने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के साथ ही बिताए और नोट्स, कविताओं तथा ई-मेल के जरिए उन लोगों को खुश रखने के प्रयास किए तथा अपने इस जज्बे से बहुत सारे लोगों को प्रभावित भी किया। सितम्बर 1994 में इस बच्ची ने सबका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन कैंसर पीड़ितों को जिंदगी से लड़ने की हिम्मत रखने का हौंसला दे गई। 22 सितम्बर को कैंसर रोगियों के कल्याण के प्रति समर्पण के रूप में मेलिन्डा रोज की ही स्मृति में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को कैंसर की शुरुआती पहचान तथा रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक दिन के रूप में भी मनाया जाता है, जो न केवल इलाज कर सकता है बल्कि कई विकृतियों से भी बचा सकता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना तथा कैंसर रोगियों को यह संदेश देना है कि भले ही इस बीमारी से वह अकेले लड़ रहे हैं लेकिन मानसिक तौर पर हम भी उनके साथ खड़े हैं। हमारे बीच ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो कैंसर के दर्दनाक इलाज को झेलने के बाद भी हंसते-खिलखिलाते नजर आते हैं। ऐसे लोग कैंसर से जूझ रहे अन्य मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके अंदर भी फिर से जीने की उम्मीद जगाने का प्रयास करते हैं। वास्तव में किसी को जीने की आशा देना जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा हो सकता है और इसीलिए ऐसे लोग सम्मान के बड़े हकदार हैं। कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के दुनिया भर में अनेक चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का शुरूआती चरण में इलाज अब संभव भी है। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब यदि समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो इसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



विनीत नारायण

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है।



अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमेरिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता है अब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलू सरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांट यह निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया अब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? ये देश चीन की ओर झुक रहे हैं। भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी मेक इन इंडिया और प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिए जैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है।

जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी है जीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐतिहासिक मोड़: तीन और देशों की फलस्तीन को मिली मान्यता

## कहा: फैसले से इजरायल के गाजा में अवैध कब्जे खत्म करने और शांति लाने में मदद मिलेगी

**भारत-चीन समेत अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को दे चुके हैं देश की मान्यता**



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को ऐलान किया कि ब्रिटेन ने फलस्तीन को एक आजाद देश के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी है। इसके साथ ही कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी फलस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देने की घोषणा की।

ब्रिटेन का कहना है कि यह कदम इजरायल के अवैध कब्जे को खत्म करने और शांति लाने में मदद करेगा। इसके तहत एक नई फलस्तीनी सरकार इजरायल के साथ मिलकर काम करेगी। इसमें हमास का कोई प्रभाव नहीं होगा। भारत-चीन अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को देश की मान्यता दे चुके हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यह फैसला इजरायल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। टू स्टेट सॉल्यूशन इजरायल और फलस्तीन के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष को सुलझाने का एक प्रस्तावित तरीका है। इस के तहत, इजरायल और फलस्तीन दोनों को अलग-अलग, स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी जाएगी। स्टार्मर ने पहले कहा था कहा है कि फलस्तीन को मान्यता देना किसी भी तरह से हमास की जीत नहीं है। उनका कहना है कि भविष्य में फलस्तीन के शासन में हमास की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। स्टार्मर ने जुलाई में कहा था कि ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता तभी देगा, जब इजरायल और हमास के बीच सीजफायर हो, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाए, इजरायल पश्चिमी तट पर कब्जे से पीछे हटे और शांति प्रक्रिया के लिए तैयार हो। यानी ऐसा समाधान हो जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों अलग-अलग देशों के रूप में साथ रह सकें। लेकिन जुलाई के बाद हालात और बिगड़े हैं, खासकर कतर पर हमले के बाद। ऐसे में अब सीजफायर की संभावना और कम हो गई है। ब्रिटिश पीएम यह फैसला ऐसे समय में ले रहे हैं, जब अमेरिका के कई राजनेता ब्रिटेन पर ऐसा न करने का दबाव डाल रहे हैं। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ इजरायल की सुरक्षा पर असर पड़ेगा, बल्कि गाजा में हमास के कब्जे में बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों की स्थिति भी और कठिन हो जाएगी।

## अमेरिका अंतरिक्ष दौड़ में पिछड़ रहा: रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है। स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिए नासा के साथ करार है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी है। समाचार पत्र ने कहा कि स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पाएगा। चीन की अपनी योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है। समाचार पत्र से बात करने वाले नासा के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिए कई सालों में तैयार हो पाएगा। स्टारशिप द्वारा अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही में हुए तीन से चार परीक्षणों के दौरान इसमें विस्फोट हो चुका है।



**प्रयागराज। नवरात्रि उत्सव से पहले एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन तैयार करता हुआ।**

## इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कार्यकर्ता ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक नागरिक कार पर इज़रायली हवाई हमले में शनिवार को एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता मारा गया। लेबनानी अधिकारियों और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि एक इज़रायली ड्रोन ने लेबनान के दक्षिणी सीमा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में खरदाली-मरजायून सड़क पर एक कार को निशाना बनाया, जिसमें काफ़र किला गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लेबनान सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित हसन शाहरूर नाम का एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता था।

# H-1B वीजा: डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

## व्यापार संगठन ने कहा: कर्मचारियों, उनके परिवारों व कंपनियों पर इस कदम का पड़ेगा असर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी चैंबर ऑफ कामर्स ने एच-1बी वीजा को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियमों पर चिंता जताई है। व्यापार संगठन ने कहा कि कर्मचारियों, उनके परिवारों और कंपनियों पर इस कदम का असर पड़ेगा।

कृउसने बताया कि वह ट्रम्प प्रशासन और अपने सदस्यों के साथ मिलकर इस फैसले के सभी पहलुओं को समझने की को. शिश कर रहा है और आगे का रास्ता तय करने पर विचार कर रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदन करने के लिए कंपनियों को एक लाख अमेरिकी डालर का शुल्क (फीस) देना होगा। यह नियम एच-1बी के लिए नए आवेदन पर लागू होगा। यानी पहले से दायर आवेदन नहीं लागू होगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल उन आवेदनों पर लागू होगा, जो 21 सितम्बर के बाद किए जाएंगे। जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी. एडलो ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह शुल्क एक बार के लिए है, कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा, न की नवीकरण या पहले से जारी वीजा पर। उन्होंने यह भी बताया कि जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे लोग पहले की तरह अमेरिका में आ-जा सकते हैं, उनके आने-जाने पर कोई नई रोक नहीं लगाई गई है। यह नियम अगले वीजा लाटरी चक्र से लागू किया जाएगा।




**जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा**

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में छत गिरने से सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को एक निजी अकादमी की छत गिरने से पांच बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के हाफिजाबाद जिले में हुई, जिले के पुलिस प्रमुख आतिफ़ नज़ीर कादर ने मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि मृतकों में अकादमी चलाने वाली महिला और उसका बेटा भी शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार, बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। मलबे से सात शव बरामद किए गए, जबकि कई घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फिलीपींस में सैनिकों के हाथों दो विद्रोही मारे गए

**मनीला।** फिलीपींस के मध्यवर्ती भाग में शनिवार को सैनिकों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध विद्रोही मारे गए। सेना ने बताया कि कैपिज प्रांत के टापाज शहर में एक सैन्य अभियान के दौरान सुबह 7:45 बजे न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के सात कथित सदस्यों के साथ सैनिकों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो विद्रो. ही मारे गए। इस मुठभेड़ में हालांकि सेना का कोई भी सदस्य जख्मी नहीं हुआ। सेना ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से तीन राइफल और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एनपीए 1969 से ही सरकार के खिलाफ लगातार विद्रोह कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हालांकि एनपीए के सदस्यों की संख्या लगातार घट रही है।

### हेग में दंगों में 30 लोग गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी घायल

**द हेग।** नीदरलैंड के शहर द हेग में दंगे के दौरान घायल हुए दो पुलिसकर्मियों के मामले में कम से कम 30 लोग हिरासत में लिए गए हैं। शहर के मेयर, पुलिस प्रमुख और अभियोजक ने इसकी जानकारी दी है। हेग के मेयर जान वैन जेनन ने अलगेमीन डागब्लाड अखबार के हवाले से कहा कि हमें एक अभूतपूर्व हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके कारण शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। मेयर के मुताबिक नीदरलैंड के सभी असामाजिक तत्व प्रदर्शन में शामिल हो गए।

## गाजा में इजरायली हमले जारी, मारे गए 60 फलस्तीनी

**येरुशलम।** गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इजरायल का सैन्य अभियान जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना जमीन के नीचे बने सुरंगों और बम से जाल बिछाए गए ढांचों को नष्ट कर रही है।

इसी बीच, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन और कनाडा समेत 10 देश सोमवार को औपचारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाले हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले होगी। इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है। सेना का दावा है कि सितम्बर की शुरुआत से अब तक 20 ऊंची इमारतें ध्वस्त की गईं और 5 लाख से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़ चुके हैं। वहीं, हमास का कहना है कि करीब 3 लाख लोग ही शहर से गए हैं और 9 लाख लोग अब भी मौजूद हैं, जिनमें इजरायली बंधक भी शामिल हैं। हमास का आरोप है कि 11 अगस्त से अब तक 1,800 से ज्यादा आवासीय इमारतें और 13,000 से अधिक शरणार्थी टेंट नष्ट किए गए हैं।

**इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया**

## ट्रम्प ने बगराम एयरबेस पर नियंत्रण को लेकर अफगान को धमकाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस को संयुक्त राज्य अमे. रिका को वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने की खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग



**फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने की बात दोहराई**

**वाशिंगटन/न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रोक दिया। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि उन्होंने सात बड़े युद्धों को समाप्त कराया है और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

ट्रम्प ने शनिवार को अमेरि. कन कार्नरस्टोन इंस्टीटयूट फाउंडर डिनर में कहा कि दुनिया में अमेरिका को अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिल रहा है। हम शांति समझौते कर रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। हमने भारत और पाकिस्तान, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध रोके हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रुकवाया। सोचिए भारत और पाकिस्तान के बारे में। मैंने उनसे कहा कि अगर वे लड़ाई करेंगे तो हम उनके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। उनके पास परमाणु हथियार हैं और अगर वे व्यापार चाहते हैं, तो उन्हें शांति बनाए रखनी होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम हो गया। बता दें कि ट्रम्प लगभग 20 से ज्यादा मौकों पर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा कर चुके हैं। जबकि भारत ने शुरुआत से स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच आपसी बातचीत के बाद संघर्ष रोका गया है और इसमें किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस दौरान उन देशों की सूची भी गिनाई, जहां उन्होंने युद्ध रोकने का दावा किया। इसमें भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसा. वो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो हमने ये सभी युद्ध रोके। इनमें से 60 प्रतिशत युद्ध हमने केवल व्यापार के जरिये रोके।

## चीन में कोरोना की खबर दिखाने वाली पत्रकार को फिर चार साल की जेल

**बीजिंग।** चीनी पत्रकार झांग झान को वुहान में कोविड-19 की शुरुआती हालात की खबरें दिखाने के लिए फिर से 4 साल की जेल की सजा दी गई है। यह जानकारी प्रेस की आजादी के लिए काम करने वाले संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स (आरएसएफ) ने दी। 42 साल की झांग झान को 'लड़ाई-झगड़ा करने और परेशानी पैदा करने' के आरोप में सजा मिली। 2020 में इसी आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब उन्होंने वुहान में कोरोना वायरस के फैलने की खबरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले थे। आरएसएफ की अधिकारी अलेक्सांद्रा बिएलाकोव्स्का ने कहा-झांग झान को दुनिया भर में सम्मान मिलना चाहिए, न कि जेल में कठिन हालात झेलने चाहिए। उनकी मुश्किलें खत्म होनी चाहिए। दुनिया के देशों को चीन पर दबाव डालकर उन्हें तुरंत रिहा करवाना चाहिए। झांग को मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था, तब उन्होंने वुहान के भरे हुए अस्पतालों और खाली सड़कों की तस्वीरें और वीडियो दिखाए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ॐ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा जी की स्तुति। ॐ
या देवी सर्वभुतेषु शक्तिरुपेण संस्थिता॥
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।
शारदीय नवरात्र महोत्सव
श्री माँ दुर्गा महोत्सव-2025
शुभारम्भ- दिनांक 22 सितम्बर 2025, समापन- 30 सितम्बर 2025
स्थान : श्री वासुदेव तीर्थस्थल, अमरोहा (उ.प्र.)

शैलपुत्री
दिनांक 22 सितम्बर 2025 सोमवार प्रथम नवरात्र
प्रातः काल 9 बजे कलश स्थापना व ज्योति प्रज्वलन
प्रातः काल 10:06 बजे मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक,
हवन रात्रि 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि भजन आगन्तुक
श्री मेघराज जागरण पार्टी के कलाकार माँ का गुणगान करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

ब्रह्मचारिणी
दिनांक 23 सितम्बर 2025 मंगलवार द्वितीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री राहुल कुमार जागण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियां
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

चन्द्रघंटा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 बुधवार तृतीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री जय दक्ष प्रजापति एण्ड पार्टी, अमरोहा
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

कुष्मांडका
दिनांक 25 सितम्बर 2025 गुरूवार चतुर्थ नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री मधुर श्याम संकीर्तन मण्डल पार्टी
द्वारा रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे व झांकियां,
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

स्कन्दमाता
दिनांक 26 सितम्बर 2025 शुक्रवार पंचम नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री लवीन गुप्ता एण्ड पार्टी, बुलन्दशहर
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

दुर्गाषष्ठी पूजन
दिनांक 27 सितम्बर 2025 शनिवार षष्ठी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री अग्रवाल जागरण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महासप्तमी पूजन — प्राण प्रतिष्ठा/सरस्वति आह्वान
दिनांक 28 सितम्बर 2025 रविवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री सुमित शर्मा जागरण पार्टी, गजरौला
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महा अष्टमी पूजन
दिनांक 29 सितम्बर 2025 सोमवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, बलिदान पूजन 7:06 से 7:30 बजे रात्रि,
श्री रोहित महाकाल झांकी आर्ट ग्रुप, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से झांकियाँ, जलरास, फूलों की होली
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

नवमी पूजन
दिनांक 30 सितम्बर 2025 मंगलवार नवमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
दूरदर्शन व Zee TV कलाकार, झांकी सम्राट
श्री सांवरिया एण्ड पार्टी, बदायूं
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण
दिनांक 01 अक्टूबर 2025 बुधवार, विजयदशमी पूजन
प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक कलश/मूर्ति विसर्जन
वासुदेव तीर्थ स्थित सरोवर में किया जायेगा।

सिन्दूर उत्सव
समन्वयक : विद्यानन्द झा पुजारी जी
पूजा प्रभारी- पं0 गौरी शंकर शर्मा, पं0 सार्थक शास्त्री (पौड़ी वाले), पं0 कुनाल शास्त्री (हरियाणा वाले)
संयोजक -अनिल जग्गा, प्रदीप रस्तौगी, सचिन शर्मा, राकेश कपूर, स्टेज प्रभारी- अनिल जग्गा, राहुल लड्डा
संचालक - दक्ष प्रजापति
प्रभारी प्रसाद वितरण- पं0 अजेन्द्र शुक्ला, रवि शारदा, नवनीत माहेश्वरी, रजत माहेश्वरी, अर्चित लाठे, संकेत टन्डन, मनीष टन्डन, इं0 शुभम वर्मा
आयोजक : श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति, अमरोहा